एनएचपीसी
NHPC
एक नवरत्न कंपनी

एनएचपीसी – हरित ऊर्जा में निहित शक्ति
स्वर्ण जयंती 50 वर्ष
1975 से
नवरत्न उद्यम


# एनएचपीसी समाचार

अंक संख्या : XLV

संस्करण : अक्टूबर - दिसंबर 2024










# निगम मुख्यालय

## एनएचपीसी ने 50वां स्थापना दिवस मनाया




भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी एनएचपीसी और भारत की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड पावर यूटिलिटी एनटीपीसी ने दिनांक 9 नवंबर 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में एक भव्य संयुक्त समारोह के साथ अपने 50वें स्थापना दिवस और स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश का उत्सव मनाया। माननीय केंद्रीय विद्युत तथा आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्री श्री मनोहर लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), भारत सरकार विशेष अतिथि रहे। इस अवसर पर श्री आर.के. चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी के साथ श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं एवं तकनीकी) और श्री संतोष कुमार, सीवीओ उपस्थित थे।




श्री मनोहर लाल, माननीय केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री ने अपने संबोधन के दौरान दोनों संगठनों को 50वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी तथा इस ऐतिहासिक अवसर में इस समारोह का हिस्सा बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की। माननीय मंत्री ने कहा कि पिछले पांच दशकों में एनएचपीसी और एनटीपीसी द्वारा भारतीय विद्युत क्षेत्र में दिया गया अतुलनीय योगदान हमारे लिए गर्व की बात है और स्थिर और निरंतर विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के प्रति उनकी समर्पण और प्रतिबद्धता देश के सतत विकास में सहायक रही है।श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), भारत सरकार ने अपने संबोधन में एनएचपीसी और एनटीपीसी की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनएचपीसी और एनटीपीसी ने पिछले 50 वर्षों में भारत के ऊर्जा क्षेत्र को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका






@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited




निभाई है। उन्होंने आगे कहा कि दोनों संगठन भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास के अभिन्न अंग रहे हैं और दोनों संगठन स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

श्री आर.के.चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए एनएचपीसी और एनटीपीसी के कर्मचारियों को स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश के लिए शुभकामनाएं दीं। श्री चौधरी ने विद्युत उत्पादन और लाभप्रदता के संदर्भ में वर्ष 1975 में स्थापित एनएचपीसी की विभिन्न उपलब्धियों का उल्लेख किया। एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने कहा कि एनएचपीसी की अनेकों सफलताएं है। हमने न केवल अवधारणा से लेकर कमीशनिंग तक जलविद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन में उत्कृष्टता हासिल की है, बल्कि सतत विकास के सिद्धांतों को भी अपनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि एनएचपीसी का 50वां स्थापना दिवस अति विशिष्ट है क्योंकि एनएचपीसी ने इस वर्ष 30 अगस्त को नवरत्न कंपनी का दर्जा प्राप्त किया है जो हमारी कड़ी मेहनत, समर्पण और उच्च मानकों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने बताया कि वर्तमान में एनएचपीसी की कुल संस्थापित क्षमता 7000 मेगावाट से अधिक है और एनएचपीसी लगातार हरित ऊर्जा उत्पादन की ओर बढ़ रही है और नई उपलब्धियों को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है।







कार्यक्रम के दौरान, माननीय केंद्रीय विद्युत, आवास और शहरी मामलों के मंत्री श्री मनोहर लाल ने एनएचपीसी के एक विशेष प्रकाशन कॉमिक बुक, "जल से ज्योति" का विमोचन किया। एनएचपीसी की कॉमिक बुक, "जल से ज्योति" का उद्देश्य बच्चों को आकर्षक कहानियों और जीवंत चित्रों के माध्यम से जलविद्युत उत्पादन के महत्व और प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करना है। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण प्रसिद्ध पार्श्व गायक श्री अभिजीत भट्टाचार्य का संगीतमय प्रदर्शन रहा, जिनकी मनमोहक धुनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और समारोह में एक विशेष स्पर्श जोड़ दिया।

इससे पहले भारत सरकार की नवरत्न कंपनी एनएचपीसी ने 7 नवंबर 2024 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद और अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों और परियोजनाओं में 50वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया।




इस समारोह का शुभारम्भ श्री आर.के.चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी द्वारा एनएचपीसी ध्वजारोहण और एनएचपीसी गीत के गायन से हुआ। इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्री आर.के.चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने एनएचपीसी के सभी कार्मिकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में श्री चौधरी ने कहा कि एनएचपीसी ने अनेकों सफलताएं प्राप्त की हैं और हमने न केवल जलविद्युत परियोजनाओं की अवधारणा से लेकर कमीशनिंग तक के क्रियान्वयन में उत्कृष्टता हासिल की है, अपितु सतत विकास के सिद्धांतों को भी अपनाया है।



अपने संबोधन में श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी ने कहा कि आगामी वर्षों में एनएचपीसी अपने वित्तीय प्रदर्शन को और बेहतर करने के लिए तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि एनएचपीसी अपने वित्तीय संसाधनों का उपयोग अपनी भावी परियोजनाओं के लिए करेगी, जिससे न केवल एनएचपीसी एक लाभ अर्जित करने वाला उद्यम बनेगा, बल्कि देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को भी पूरा करेगा। श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में एनएचपीसी को गौरवपूर्ण ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी पूर्व कार्मिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि एनएचपीसी की सभी सफलताओं की नींव हमारे निडर और मेहनती कार्मिकों की कड़ी मेहनत है।

श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं एवं तकनीकी), एनएचपीसी ने कहा कि वर्तमान में एनएचपीसी की कुल संस्थापित क्षमता 7000 मेगावाट से अधिक है और यह निरंतर हरित ऊर्जा उत्पादन की ओर अग्रसर है तथा नई उपलब्धियों को प्राप्त करने के लिए प्रयास कर रही है। श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनएचपीसी ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि एनएचपीसी का उद्देश्य केवल विद्युत उत्पादन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जनता के कल्याण, समृद्धि और विकास में योगदान देना भी है। समारोह के दौरान, एनएचपीसी पुरस्कार योजना वर्ष 2023–24 के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों जैसे सर्वश्रेष्ठ पावर स्टेशन, सर्वश्रेष्ठ निर्माण परियोजना, अनुकरणीय प्रतिबद्धता, एनएचपीसी के स्टार, कक्षा 10 और कक्षा 12 के स्टार छात्र आदि के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण एनएचपीसी कार्मिकों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों रहीं। इन प्रस्तुतियां ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।



# सीएमडी, एनएचपीसी ने सीएसआर पहल के तहत 'शिक्षा रथ 7.0' के कार्यान्वयन के लिए बाइकर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




श्री आर.के. चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने एनएचपीसी की सीएसआर पहल के अंतर्गत दिनांक 6 अक्टूबर 2024 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद से 'शिक्षा रथ 7.0' के कार्यान्वयन के लिए 'समारंभ फाउंडेशन' के बाइकर्स को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस पहल का उद्देश्य नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास लद्दाख के सात दूरदराज के सीमावर्ती गांवों में बच्चों और समुदायों को सशक्त बनाना है। इस अवसर पर श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी, श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं व तकनीकी), एनएचपीसी, एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारी, लगभग 250 बाइकर्स और समारम्भ फाउंडेशन के सदस्य भी उपस्थित थे। शिक्षा रथ 7.0 पहल एनएचपीसी द्वारा समारंभ फाउंडेशन (एक गैर सरकारी संगठन) के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है, जिसकी कुल परियोजना लागत 91. 55 लाख रुपये है।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए, श्री आर. के. चौधरी, सीएमडी, एनएचपीसी ने कहा, "एनएचपीसी ने हमेशा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पहचाना है और हमारी सीएसआर पहल समुदाय और पर्यावरण के प्रति हमारे मूल्यों और समर्पण को दर्शाती है।" उन्होंने आगे कहा कि, "शिक्षा रथ 7.0 के माध्यम से, हमें लद्दाख के सात सीमावर्ती गांवों में जरूरतमंदों के उत्थान के लिए कार्य करने पर गर्व है।"

अपने संबोधन में एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल ने कहा, "शिक्षा रथ 7.0 न केवल बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता प्रदान करने के बारे में है, बल्कि आत्मनिर्भर, सशक्त समुदायों का निर्माण भी कर रहा है।" उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि ऐसी परियोजनाओं के माध्यम से, एनएचपीसी सीमावर्ती क्षेत्रों के सबसे दूरदराज के गांवों तक अपनी पहुँच बनाएगी।

शिक्षा रथ 7.0 पहल शिक्षा में सुधार, स्वास्थ्य और मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने, कौशल विकास कार्यक्रम संचालित करने और स्वयं सहायता समूहों और परिवारों के लिए स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। परियोजना के लाभार्थियों में तुरतुक, त्याक्षी, थांग–चाथांग, बोगडांग, चालुंखा, धोतांग और थांग गांव शामिल हैं। शिक्षा रथ 7.0 में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनों की स्थापना, शैक्षिक सामग्री का वितरण, चरखा और हथकरघा मशीनें प्रदान करना, स्टार–गेज़िंग टेलीस्कोप की स्थापना, प्रत्येक गांव में दो घरों का सौंदर्यीकरण और खेल वस्तुओं का वितरण जैसी गतिविधियां शामिल होंगी। जिन 250 बाइकर्स को हरी झंडी दिखाई गई उनमें से 12 बाइकर्स ऑन–ग्राउंड कार्यान्वयन टीम के हिस्से के रूप में लद्दाख जाएंगे।

# एनएचपीसी द्वारा 'राष्ट्रीय एकता दिवस' का आयोजन




एनएचपीसी द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर दिनांक 31 अक्टूबर, 2024 को निगम मुख्यालय और अपने विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और यूनिटों में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' का आयोजन किया गया।

श्री आर.के. चौधरी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में एनएचपीसी कार्मिकों 'राष्ट्रीय एकता दिवस' की शपथ दिलाई। इस अवसर पर आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) और श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं एवं तकनीकी) भी उपस्थित थे। इस मौके पर एक विशेष कार्यक्रम 'रन फॉर यूनिटी' का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में एनएचपीसी के कार्मिकों ने उत्साह के साथ भाग लिया।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited


एनटीपीसी व एनएचपीसी
स्थापना दिवस
स्वर्ण जयंती समारोह

## एनएचपीसी ने नेपाल को बाढ़ राहत के लिए एक करोड़ नेपाली रुपये की सहायता प्रदान की




भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी और भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम एनएचपीसी ने नेपाल को बाढ़ राहत सहायता के रूप में 1 करोड़ नेपाली रुपये की राशि प्रदान की है। नेपाल के माननीय प्रधानमंत्री श्री के.पी. शर्मा ओली महोदय को 1 करोड़ नेपाली रुपये का चेक श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी द्वारा 7 अक्टूबर 2024 को काठमांडू में प्रदान किया गया। एनएचपीसी के निदेशक (वित्त) महोदय के साथ श्री रजनीश अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक (एनएचपीसी नेपाल परियोजनाएं) और एनएचपीसी के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

यह योगदान नेपाल में हाल ही में आई बाढ़ के बाद राहत और पुनर्स्थापना के प्रयासों में नेपाल सरकार की सहायता के लिए प्रदान किया गया है, जो एनएचपीसी की अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी ने नेपाल के माननीय प्रधानमंत्री महोदय को एनएचपीसी द्वारा नेपाल में क्रियान्वित की जा रही वेस्ट सेती, सेती रिवर– 6 तथा फुकोट कर्णाली परियोजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि एनएचपीसी की इन तीनों परियोजनाओं से कुल 1844 मेगावाट जलविद्युत क्षमता विकसित होगी, जिसके लिए लगभग 40,000 करोड़ नेपाली रुपये का निवेश किया जाना है। एनएचपीसी की ये परियोजनाएं नेपाल में समृद्धि तथा समग्र प्रगति का एक नया अध्याय शुरू करेंगी।

नेपाल के माननीय प्रधानमंत्री महोदय ने नेपाल में जलविद्युत ऊर्जा के विकास के लिए एनएचपीसी की प्रतिबद्धता तथा नेपाल में आई आपदा में सहायता के लिए एनएचपीसी की सराहना की। उन्होंने एनएचपीसी द्वारा नेपाल में क्रियान्वित की जा रही जलविद्युत परियोजनाओं से संबंधित सभी मुद्दों का आपसी बातचीत के माध्यम से शीघ्र समाधान करने का आश्वासन भी दिया।

## एनएचपीसी ने 'ग्लोबल हाइड्रोपावर दिवस' मनाया



भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी और भारत सरकार की नवरत्न उद्यम एनएचपीसी द्वारा 11 अक्टूबर 2024 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में 'ग्लोबल हाइड्रोपावर दिवस' का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, श्री आर.के. चौधरी द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसमें एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल, एनएचपीसी के निदेशक (परियोजनाएं एवं तकनीकी) श्री संजय कुमार सिंह, एनएचपीसी के सीवीओ श्री संतोष कुमार और एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए, एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, श्री आर.के. चौधरी ने ग्लोबल जलविद्युत दिवस के अवसर पर एनएचपीसी के सभी कार्मिकों को शुभकामनाएं दीं। श्री चौधरी ने जलविद्युत की महत्वपूर्ण भूमिका और वैश्विक स्थिरता के लिए इसके महत्व पर बल दिया। श्री चौधरी ने एनएचपीसी के सभी कार्मिकों से एनएचपीसी और देश में जलविद्युत के विकास के लिए कड़ी मेहनत करने की अपील की।

इस अवसर पर अपने संबोधन में एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल ने कहा कि दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा में जलविद्युत की महत्वपूर्ण भूमिका



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

है और उन्होंने एनएचपीसी के सभी कार्मिकों से एनएचपीसी के प्रति समर्पित होने की अपील की। इस अवसर पर बोलते हुए एनएचपीसी के निदेशक (परियोजनाएं एवं तकनीकी) श्री संजय कुमार सिंह ने कहा कि एनएचपीसी का भविष्य बहुत उज्ज्वल है और सभी कार्मिकों को इसके विकास के लिए पूरी व्यावसायिकता के साथ काम करना चाहिए। अपने संबोधन में एनएचपीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री संतोष कुमार ने जलविद्युत के लाभों और ग्रिड स्थिरता के लिए इसके महत्व पर बात की।

कार्यक्रम के दौरान, एनएचपीसी द्वारा अपने सभी कार्मिकों के लिए एक विशेष प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में श्रीमती भारती गुप्ता, महाप्रबंधक (सिविल), श्री राजेश कुमार त्रिपाठी, ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (मैकेनिकल) और श्री संदीप तंवर, उप प्रबंधक (भू–तकनीकी) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का एक अन्य आकर्षण के रूप में श्री अनिल कुमार, सहा. प्रबंधक (आईटी) द्वारा एनएचपीसी द्वारा जलविद्युत और इसके विकास पर एक भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की गई, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## एनएचपीसी द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अंतर्गत वॉकथॉन, मानव श्रृंखला और नुक्कड़ नाटक का आयोजन




एनएचपीसी द्वारा दिनांक 25.10.2024 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 समारोह के दौरान वॉकथॉन, मानव श्रृंखला और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । श्री आर.के. चौधरी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) , एनएचपीसी और श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनएचपीसी की उपस्थिति में वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । वॉकथॉन में बड़ी संख्या में एनएचपीसी के कार्मिक और मुरारी लाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फरीदाबाद के छात्रों ने भाग लिया ।

इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण मुरारी लाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फरीदाबाद के विद्यार्थियों द्वारा स्कूल से एनएचपीसी निगम मुख्यालय तक बनाई गई मानव श्रृंखला थी, जिसका उद्देश्य सतर्कता के बारे में जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम के दौरान एनएचपीसी निगम मुख्यालय में छात्रों द्वारा सतर्कता जागरूकता के संबंध में एक 'नुक्कड़ नाटक' प्रस्तुत किया गया।

एनएचपीसी दिनांक 28.10.2024 से 03.11.2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रही है, जिसमें एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों पर निबंध लेखन, वाद–विवाद, कविता पाठ, चित्रकला प्रतियोगिता आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## एनएचपीसी ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस- 2024 मनाया

एनएचपीसी ने 3 दिसंबर 2024 को 'समावेशी और संधारणीय भविष्य के लिए दिव्यांगजनों के नेतृत्व को बढ़ावा देना' विषय के अंतर्गत हर्षोउल्लास के साथ 'अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस' मनाया। श्री आर.के. चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। निदेशक (कार्मिक)श्री उत्तम लाल और मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री संतोष कुमार के साथ–साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी एनएचपीसी के दिव्यांग कार्मिकों के साथ इस अवसर पर उपस्थित थे।



श्री आर.के.चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने इस अवसर पर एनएचपीसी के दिव्यांग कार्मिकों को बधाई दी तथा उनके साहस और समर्पण की सराहना की। उन्होंने उनके दृढ़ संकल्प और अनुकूलनशीलता की प्रशंसा की और उनके पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन की विभिन्न उपलब्धियों के लिए भी बधाई दी।

श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) ने अपने संबोधन में कहा कि एनएचपीसी समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखे हुए है। उन्होंने आगे कहा कि एनएचपीसी अपने दिव्यांग कार्मिकों के लिए एक आदर्श कार्यस्थल बनाए रखने और एक ऐसी कार्य संस्कृति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है जो न केवल संधारणीय हो बल्कि सभी के लिए समावेशी भी हो।

इस समारोह के दौरान,श्री अशोक कुमार नेलातुरी, समूह महाप्रबंधक (ई एंड सी), श्री दीपक कुमार गर्ग,महाप्रबंधक (वित्त), श्री अरविंद कुमार शर्मा,उप महाप्रबंधक (पर्यावरण) और श्रीमती भावना, उप प्रबंधक (विधि) को उनके व्यावसायिक और व्यक्तिगत क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए "विशेष उपलब्धि पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एनएचपीसी के दिव्यांग कार्मिकों की प्रेरक उपलब्धियों को दर्शाया गया तथा बताया गया कि किस प्रकार उन्होंने चुनौतियों पर विजय प्राप्त की और एनएचपीसी की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## स्वच्छ ऊर्जा नवाचारों को बढ़ावा देने के हेतु एनएचपीसी ने जीजीजीआई के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए



सतत विकास को बढ़ावा देने और जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, एनएचपीसी लिमिटेड ने अपने निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में ग्लोबल ग्रीन ग्रोथ इंस्टीट्यूट (जीजीजीआई) के साथ 28 नवंबर, 2024 को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एनएचपीसी के कार्यपालक निदेशक (आरईजीएच) श्री वी. आर. श्रीवास्तव और जीजीजीआई के कंट्री हेड श्री सौम्य प्रसाद गरनाइक ने एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल और जीजीजीआई के सलाहकार डॉ. डी.के. खरे की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी भी समारोह में उपस्थित रहे।

इस सहयोग का उद्देश्य एग्रोवोलटिक्स, ग्रीन हाइड्रोजन और संधारणीय वित्तपोषण कार्यनीतियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए नवोन्मेषी स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना है। ये पहल, भारत को लो कार्बन अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर करने के साथ–साथ जलवायु चुनौतियों से निपटने के लिए एनएचपीसी के सुदृढ़ अनुसंधान एवं विकास संबंधी प्रयासों का हिस्सा हैं।इस साझेदारी के तहत, एनएचपीसी और जीजीजीआई अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों की खोज करने, कृषि पद्धतियों के साथ नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को एकीकृत करने और हरित परियोजनाओं में निवेश को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर कार्य करेंगे। यह पहल पेरिस समझौते के अंतर्गत भारत के व्यापक जलवायु लक्ष्यों और नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप भी है।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए, श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने कहा, "यह साझेदारी नवीन स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को अपनाने और संधारणीय विकास का समर्थन करने के लिए एनएचपीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जीजीजीआई की विशेषज्ञता और नवीकरणीय ऊर्जा में एनएचपीसी की विरासत के साथ, हम हरित भविष्य की दिशा में प्रभावशाली योगदान देने के लिए तत्पर हैं।"यह समझौता ज्ञापन, स्केलेबल और प्रभावशाली हरित ऊर्जा समाधानों का मार्ग प्रशस्त करने के लिए कार्यनीतिक सहयोग की शुरुआत का परिचायक है तथा एनएचपीसी और जीजीजीआई भावी पीढ़ियों के लिए एक संधारणीय, ऊर्जा–सुरक्षित भविष्य बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध करते हैं।

ग्लोबल ग्रीन ग्रोथ इंस्टीट्यूट एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो कि हरित ऊर्जा और जलवायु लचीलेपन की पहलों पर ध्यान केंद्रित करके विकासशील और उभरते देशों में संधारणीय आर्थिक विकास को समर्थन और बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

## एनएचपीसी ने भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर को उनके 69वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की




भारत सरकार की नवरत्न कंपनी एनएचपीसी द्वारा दिनांक 6 दिसंबर 2024 को अपने निगम मुख्यालय और सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और यूनिटों में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर श्री आर.के. चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी, श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं एवं तकनीकी) और श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी; अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ, एनएचपीसी और अन्य पिछड़ा वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ, एनएचपीसी के सदस्य तथा एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और कार्मिकों ने बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# जलविद्युत संयंत्रों के लिए संयुक्त रूप से डिसिल्टिंग और ड्रेजिंग समाधानों को विकसित करने के लिए एनएचपीसी और बीईएमएल लिमिटेड ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए




भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के दो प्रमुख उपक्रमों एनएचपीसी और बीईएमएल लिमिटेड ने नवाचार और स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, दिनांक 16.12.2024 बीईएमएल सौधा, बेंगलुरु में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य जलविद्युत संयंत्रों के लिए उन्नत डिसिल्टिंग और ड्रेजिंग समाधानों के विकास के लिए कार्यनीतिक सहयोग स्थापित करना है। श्री अजीत कुमार श्रीवास्तव, निदेशक (रक्षा व्यवसाय), बीईएमएल और दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में श्री उदय शंकर शाही, कार्यपालक निदेशक (आर एंड डी), एनएचपीसी और श्री आर.जी.के. राव, प्रमुख (एसबीयू–एयरोस्पेस), बीईएमएल लिमिटेड ने समझौता ज्ञापन का औपचारिक रूप से आदान–प्रदान किया।

यह सहयोग, दोनों संस्थाओं की संयुक्त विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए डैम सेड़िमेंटेशन के महत्वपूर्ण मुद्दे के समाधान के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह साझेदारी नवोन्मेषी, "मेक इन इंडिया" समाधान प्रदान करने के लिए तैयार की गई है, जिससे विद्युत उत्पादन दक्षता, जल संवाहक प्रणालियों और टर्बाइनों का जीवनकाल बढ़ेगा तथा राष्ट्रीय राजस्व के लिए महत्वपूर्ण बचत होगी।

इस पहल के माध्यम से विकसित समाधान न केवल जलविद्युत संयंत्रों की जरूरतों को पूरा करेंगे, बल्कि व्यापक चुनौतियों से निपटने के लिए दोहरे उपयोग की क्षमता भी रहेगी। ऐसे उत्पाद नहरों और पुलियों को तेजी से साफ करके मानसून के दौरान शहरी जलभराव को कम करने, अंतर्देशीय जलमार्गों, तटीय क्षेत्रों, तालाबों और झीलों में ड्रेजिंग और गाद निकालने के कार्यों में सहायता कर सकते हैं, और भारत के महत्वाकांक्षी मेरीटाइम विजन 2030 और सागरमाला कार्यक्रमों के साथ संरेखित कर सकते हैं । पायलट परियोजनाओं में सफल कार्यान्वयन के पश्चात, इन समाधानों को अन्य जलविद्युत संयंत्रों में भी लागू किए जाने की आशा है, जिससे भारत के नवीकरणीय ऊर्जा बुनियादी ढांचे और मजबूत होंगे । यह सहयोगात्मक प्रयास प्रचालन दक्षता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने के साथ–साथ बाढ़ के जोखिम को कम करके और जल प्रबंधन प्रणालियों में सुधार करके स्थायी शहरी नियोजन में योगदान देगा।

श्री आर.के. चौधरी, सीएमडी एनएचपीसी ने अपने सम्बोधन में कहा, कि हम जलविद्युत क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक डिसिल्टिंग और ड्रेजिंग समाधान विकसित करने के लिए बीईएमएल लिमिटेड के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं। यह सहयोग नवाचार, स्थिरता और 'मेक इन इंडिया' पहल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है । साथ मिलकर विद्युत उत्पादन दक्षता को बढ़ाना, रखरखाव लागत को कम करना तथा भारत के महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा उद्देश्यों को समर्थन देना हमारा लक्ष्य है। इस साझेदारी से न केवल विद्युत क्षेत्र को लाभ होगा बल्कि पर्यावरण और स्थानीय समुदायों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। बीईएमएल और एनएचपीसी के बीच यह साझेदारी नवाचार, स्थिरता और राष्ट्रीय प्रगति की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। दोनों संगठन प्रभावशाली समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो वर्तमान चुनौतियों का समाधान करेंगे और आत्मनिर्भर, कुशल और भविष्य के लिए तैयार भारत का आधार बनेंगे।

श्री शांतनु रॉय, सीएमडी, बीईएमएल लिमिटेड ने इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, " डैम सेड़िमेंटेशन के महत्वपूर्ण मुद्दे के समाधान के उद्देश्य से इस अभूतपूर्व पहल में एनएचपीसी लिमिटेड के साथ साझेदारी करके हमें प्रसन्नता हो रही है। यह कार्यनीतिक सहयोग नवाचार, स्थिरता और आत्मनिर्भरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अपनी सामूहिक शक्तियों का लाभ उठाकर, हमारा लक्ष्य उन्नत गाद निष्कासन और ड्रेजिंग समाधान विकसित करना है, जो कि न केवल जलविद्युत संयंत्रों की दक्षता बढ़ाएगा, बल्कि बुनियादी ढांचे और जल प्रबंधन प्रणालियों में सुधार के राष्ट्र के व्यापक लक्ष्यों में भी अपना योगदान देगा।

एनएचपीसी लिमिटेड भारत का सबसे बड़ा जलविद्युत विकास संगठन और भारत सरकार का नवरत्न उद्यम है। इसके पास जलविद्युत परियोजनाओं की संकल्पना से लेकर चालू करने तक की सभी गतिविधियों को संचालित करने की क्षमता है। एनएचपीसी ने सौर एवं पवन ऊर्जा विकास आदि के क्षेत्र में भी कार्य विस्तार किया है। संयुक्त उद्यम के माध्यम से1681.70 मेगावाट सहित एनएचपीसी की कुल संस्थापित क्षमता 7232.90 मेगावाट है, जिसमें 22 जल पावर स्टेशनों से 6971.20 मेगावाट, पांच सौर ऊर्जा परियोजनाओं से 211.70 मेगावाट और एक पवन ऊर्जा परियोजना से 50 मेगावाट शामिल है। देश की कुल संस्थापित जलविद्युत क्षमता 46928.17 मेगावाट में एनएचपीसी की 6971.20 मेगावाट की जलविद्युत हिस्सेदारी है जो कि लगभग 14.85% है। दिनांक 30 सितंबर 2024 तक की स्थिति के अनुसार एनएचपीसी की प्राधिकृत शेयर पूंजी 15,000 करोड़ रुपए, चुकता शेयर पूंजी 10,045.03 करोड़ रुपए और निवेश आधार 81658.07 करोड़ रुपए है।

रक्षा मंत्रालय के नियंत्रणाधीन बीईएमएल लिमिटेड एक अग्रणी बहु–प्रौद्योगिकी 'शेड्यूल ए' कंपनी है, यह विश्व स्तरीय उत्पादों को बनाकर रक्षा, रेल, विद्युत, खनन और निर्माण जैसे भारत के प्रमुख क्षेत्रों की सेवा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बीईएमएल रक्षा एवं एयरोस्पेस, खनन एवं निर्माण तथा रेल एवं मेट्रो जैसे तीन क्षेत्रों में कार्य करती है तथा इसकी अत्याधुनिक विनिर्माण संस्थाएं बैंगलोर, कोलार गोल्ड फील्ड्स (केजीएफ), मैसूर, पलक्कड़ में स्थित हैं, और इसके पास बहुत सशक्त अनुसंधान एवं विकास अवसंरचना और बिक्री एवं सेवाओं का राष्ट्रव्यापी नेटवर्क है। उत्कृष्टता और नवाचार के अथक प्रयास की छह दशकों की समृद्ध विरासत के साथ बीईएमएल लिमिटेड, भू–उत्खनन, परिवहन और निर्माण उपकरण निर्माण के क्षेत्र में एक प्रतिबद्ध कंपनी है।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

## एनएचपीसी व्याख्यान श्रृंखला 'प्रेरणा' के अंतर्गत पद्म भूषण प्रो. (डॉ.) शिव कुमार सरीन ने व्याख्यान दिया



पद्म भूषण प्रो. (डॉ.) शिव कुमार सरीन, एक प्रसिद्ध चिकित्सक, चांसलर और निदेशक, आईएलबीएस और अध्यक्ष, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी और प्रसिद्ध पुस्तक 'ओन योर बॉडी' के लेखक ने दिनांक 19 दिसंबर 2024 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में एनएचपीसी व्याख्यान श्रृंखला 'प्रेरणा' के अंतर्गत एक बहुत ही रोचक और ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। इस अवसर पर श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं एवं तकनीकी) और श्री संतोष कुमार, सीवीओ, एनएचपीसी के साथ–साथ बड़ी संख्या में एनएचपीसी कार्मिक और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर श्रीमती भानु भारती, अध्यक्षा, एनएचपीसी महिला क्लब और श्रीमती गायत्री गोयल और एनएचपीसी महिला क्लब की अन्य सदस्य और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सराय ख्वाजा, फरीदाबाद के शिक्षक और छात्र भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

अपने संबोधन में श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने पद्म भूषण डॉ. एस. के. सरीन का स्वागत किया और उनके व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर एनएचपीसी में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। श्री लाल ने कहा कि डॉ. सरीन जैसे चिकित्सा पेशेवरों के ज्ञान के कारण ही हम शारीरिक कार्यप्रणाली, विशेष रूप से यकृत स्वास्थ्य को समझ पाते हैं और रोगमुक्त जीवन जीने में सक्षम होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. सरीन द्वारा साझा की जाने वाली जानकारियाँ बहुत मूल्यवान हैं और एनएचपीसी कार्मिक इस ज्ञान को अपनी दैनिक दिनचर्या में लागू करने का प्रयास करेंगे।

पद्म भूषण प्रोफेसर (डॉ.) शिव कुमार सरीन ने एक ज्ञानवर्धक और विचारशील व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने लीवर रोग के क्षेत्र में अपनी व्यापक चिकित्सा विशेषज्ञता पर प्रकाश डाला। उन्होंने मधुमेह, मोटापे और अन्य संबंधित रोगों के बीच आपसी संबंधों पर मूल्यवान जानकारी प्रदान की, जिससे दर्शकों को इन गंभीर स्वास्थ्य मुद्दों की समझ में महत्वपूर्ण योगदान मिला।

## एनएचपीसी ने सौर ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं में 5500 करोड़ रुपये के निवेश के लिए बिहार सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए



ऊर्जा के सतत विकास को बढ़ावा देने और सभी के लिए ऊर्जा सुनिश्चित करने के प्रयासों की दिशा में आगे बढ़ते हुए, एनएचपीसी लिमिटेड (भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम) और उद्योग विभाग, बिहार सरकार ने 20.12.2024 को पटना में आयोजित बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 (ग्लोबल इन्वेस्टर समिट) के दौरान 'इन्टेन्ट फॉर इनवेस्टमेंट' हेतु समझौता ज्ञापन का आदान–प्रदान किया।श्री विजय कुमार सिन्हा, माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार; श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, माननीय मंत्री, ऊर्जा और योजना एवं विकास विभाग, बिहार सरकार; श्री नीतीश मिश्रा, माननीय मंत्री उद्योग और पर्यटन विभाग, बिहार सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में श्री आर. के. चौधरी, सीएमडी, एनएचपीसी और श्रीमती बंदना प्रेयसी, आईएएस, सचिव, उद्योग विभाग, बिहार सरकार के बीच समझौता ज्ञापन का आदान–प्रदान किया गया।

एनएचपीसी ने इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से बिहार में 1000 मेगावाट सौर ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन (जीएच 2) मोबिलिटी पायलट परियोजनाओं को विकसित करने के लिए 5500 करोड़ रुपए के निवेश की इच्छा व्यक्त की है। इन परिवर्तनकारी परियोजनाओं का उद्देश्य राज्य के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को आगे बढ़ाना और भारत में एनर्जी ट्रांजिशन के प्रयासों में अपना योगदान देना है। स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के अतिरिक्त इस पहल से लगभग 800 लोगों के लिए रोजगार का सृजन, सामाजिक–आर्थिक विकास को बढ़ावा और स्थानीय समुदायों का सशक्त बनना अपेक्षित है। यह सहयोग बिहार के नवीकरणीय ऊर्जा और हरित प्रौद्योगिकी का केंद्र बनने के दृष्टिकोण को रेखांकित करने के साथ ही एनएचपीसी की संधारणीयता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत

## क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में 50वें एनएचपीसी स्थापना दिवस समारोह का आयोजन



क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में एनएचपीसी लिमिटेड की स्थापना का 50वां स्वर्णिम वर्ष शुरू होने के अवसर पर दिनांक 07 नवम्बर 2024 को एनएचपीसी लिमिटेड के 50वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में आगमन पर मुख्यातिथि श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत का श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल) नें पौधा भेंट कर स्वागत किया।

इसके पश्चात एनएचपीसी लिमिटेड के स्वर्ण जयंती वर्ष की शुरुआत के अवसर पर आयोजित एनएचपीसी स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के प्रशासनिक भवन के प्रांगण में श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा एनएचपीसी ध्वज को फहराने व एनएचपीसी गीत के गायन के साथ की गई। कार्यक्रम के दौरान श्री अनिल कुमार भारद्वाज,एसडीएम डलहौजी तथा श्री रमेश कुमार चौहान, तहसीलदार, डलहौजी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में आगमन पर श्री अनिल कुमार भारद्वाज, एसडीएम डलहौजी का श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक नें तथा श्री रमेश कुमार चौहान, तहसीलदार, डलहौजी का श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) नें पौधा व पारंपरिक हिमाचली शाल भेंट कर स्वागत किया।

इसके पश्चात क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के प्रेक्षागृह में एनएचपीसी स्थापना दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक महोदय तथा श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल, श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल), श्री अनिल कुमार भारद्वाज, एसडीएम डलहौजी, श्री रमेश कुमार चौहान, तहसीलदार, डलहौजी, श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) तथा श्रीमती वंदना भूटानी, उप महाप्रबंधक (विधि) द्वारा दीप प्रजवल्लन के साथ की गई। इसके पश्चात निगम मुख्यालय फरीदाबाद में एनएचपीसी स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के लाइव वेबकास्ट प्रसारण दिखाया गया। तदोपरांत श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक महोदय नें उपस्थित कार्मिकों को संबोधित किया तथा 50वें एनएचपीसी स्थापना दिवस समारोह के आयोजन पर एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

अपने सम्बोधन के दौरान कार्यपालक निदेशक महोदय नें कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि एनएचपीसी लिमिटेड 07 नवम्बर, 1975 को अपनी यात्रा शुरुआत करने के पश्चात आज अपने 50वें वर्ष में प्रवेश करते हुए अपना स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह मना रही है और आह्वान किया कि हम सभी पूरी क्षमता एवं विश्वास के साथ एनएचपीसी की प्रगति का हिस्सा बनें ताकि एनएचपीसी नई ऊंचाइयों को छूए। उन्होने आगे कहा कि एनएचपीसी को एक नवरत्न कंपनी का दर्जा प्राप्त होने पर निगम के सभी कार्मिकों में खुशी और उत्साह का संचार हुआ है तथा सभी कार्मिक अपने आप को गौरवशाली महसूस कर रहे हैं। कार्यपालक निदेशक महोदय नें यह भी कहा कि एनएचपीसी लिमिटेड को प्राप्त नवरत्न का दर्जा एनएचपीसी के सभी कार्मिकों की लग्न और मेहनत का परिणाम है।

कार्यपालक निदेशक महोदय नें आगे कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के लिए यह गर्व का विषय है कि एनएचपीसी का पहला पावर स्टेशन (बैरा स्यूल पावर स्टेशन) भी इसी क्षेत्र में स्थापित है और आज भी सुचारू रूप से विद्युत उत्पादन कर रहा है। अपने सम्बोधन में उन्होंने आगे कहा कि एनएचपीसी प्रबंधन के कुशल मार्ग दर्शन में हम प्रदूषण रहित विद्युत उत्पादन कर राष्ट्र के विकास में अहम योगदान दे रहे हैं तथा एनएचपीसी के पावर स्टेशन विद्युत उत्पादन के साथ–साथ सीएसआर–एसडी योजना के तहत स्थानीय क्षेत्रों के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीब लोगों के हित के लिए कई विकास के कार्य कर रहे हैं, जिनसे स्थानीय लोग लाभानवित हो रहे हैं।

कार्यपालक निदेशक महोदय नें एनएचपीसी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत को विभिन्न कार्यों के निष्पादन में सहयोग के लिए स्थानीय जनता और प्रशासन का भी धन्यवाद व्यक्त किया। सम्बोधन के अंत में कार्यपालक निदेशक महोदय नें क्षेत्रीय कार्यालय के सभी कार्मिकों को मेहनत और लग्न से कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए पुनः 50वें एनएचपीसी स्थापना दिवस एवं स्वर्ण जयंती समारोह की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कार्यपालक निदेशक महोदय के सम्बोधन के उपरांत एनएचपीसी स्थापना दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के प्रेक्षागृह में सांकृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बनीखेत तथा राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला बनीखेत के छात्रों नें रंगरंग प्रस्तुतियाँ दी। सांकृतिक कार्यक्रम के उपरांत श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक महोदय तथा श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल, श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल), श्री अनिल कुमार भारद्वाज, एसडीएम डलहौजी, श्री रमेश कुमार चौहान, तहसीलदार, डलहौजी नें सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को अपने कर कमलों से पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2024 के प्रतिभागी क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के कार्मिकों, कार्मिकों के परिवारों की महिलाओं, बच्चों तथा स्कूल के विद्यार्थियों को भी श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक महोदय नें प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरित किए। एनएचपीसी स्थापना दिवस समारोह के दौरान एनएचपीसी द्वारा कार्मिकों के बच्चों के लिए लागू 'होनहार' प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में पदस्थ श्री देश राज, वरिष्ठ प्रबन्धक (राजभाषा) की सुपुत्री कुमारी मेदिनी राज को भी श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा प्रशस्ति पत्र व मेडल के साथ पुरस्कृत किया गया ।

## संविधान दिवस का आयोजन




क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत ने क्षेत्रीय कार्यालय के सभी कार्मिकों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक महोदय ने सभी कार्मिकों को भारतीय संविधान के मूल सिद्धांतों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

# क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़

## स्वच्छता ही सेवा 2024' में सक्रिय सहयोग और भागीदारी के लिए एनएचपीसी लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ सम्मानित

पंजाब के माननीय राज्यपाल और प्रशासक, यूटी, चंडीगढ़, श्री गुलाब चंद कटारिया ने 02.10.2024 को स्वच्छ उत्सव के दौरान 'स्वच्छता ही सेवा 2024' में नगर निगम चंडीगढ़ के साथ सक्रिय सहयोग और भागीदारी के लिए एनएचपीसी लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ को सम्मानित किया। यह पुरस्कार श्री निर्मल सिंह, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ और श्रीमती रूबी रैना द्वारा, महाप्रबंधक (विधि) द्वारा प्राप्त किया गया। एनएचपीसी लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ ने 17 सितंबर से 1 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा–2024 के तहत विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया और सहयोग किया है, जैसे रैली ग्राउंड सेक्टर 25 की सफाई, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम और सेक्टर 48 में वृक्षारोपण अभियान शामिल हैं।




## एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ ने हर्षोल्लास से मनाया 50वाँ स्थापना दिवस



क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ ने एनएचपीसी का 50वां स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस दिनांक 8 नवम्बर, 2024 को आवासीय परिसर, सेक्टर 42 में बड़ी धूम धाम से मनाया। इस अवसर पर श्री निर्मल सिंह, कार्यपालक निदेशक एवं श्रीमति हरजिंदर कौर, अध्यक्षा महिला कल्याण समिती ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में एनएचपीसी के 50वें स्थापना दिवस पर शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं समारोह में आए अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। इस अवसर पर कार्मिकों एवं उनके परिजनों द्वारा रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तदुपरांत कार्मिकों, महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सबने बढ़ चढ़ कर एवं उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों/विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों को भी कार्यपालक निदेशक द्वारा सम्मानित किया गया।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

## निदेशक (कार्मिक) महोदय ने किया क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ का दौरा

एनएचपीसी लिमिटेड के माननीय निदेशक (कार्मिक) ने श्री उत्तम लाल ने क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ एवं क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अधिनस्थ पार्बती परियोजना-II एवं पार्बती पावर स्टेशन–III का दिनांक 13.11.2024 से 19.11.2024 तक दौर किया।

निदेशक (कार्मिक) महोदय का दिनांक 13.11.2024 को क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ आगमन पर महाप्रबंधक (विधि) श्रीमती रूबी रैना ने पौधा भेंट कर एवं श्री संजय वर्मा महाप्रबंधक (वित्त) ने पारंपरिक षवला एवं टोपी पहना कर अभिनन्दन किया ़इस अवसर पर रजब हुसैन महाप्रबंधक (तकनीकी) व अनय अधिकारीगण भी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका भव्य से स्वागत किया।



## एनएचपीसी लिमिटेड ने NIPM द्वारा आयोजित नोर्दन रीजनल कॉन्फ्रेंस में प्रायोजक के रूप में भाग लिया




एनएचपीसी लिमिटेड ने दिनांक 23.011.2024 द्वारा आयोजित नोर्दन रीजनल कॉन्फ्रेंस में प्रायोजक के रूप में भाग लिया। NIPM-मानव संसाधन पेशेवरों के एक अखिल भारतीय निकाय है जिन्होने एमिटी विश्वविद्यालय (AMITY University), सेक्टर 82 मोहाली में एक दिवसीय उत्तरी क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। यह सम्मेलन लीडरशिप नेतृत्व लोगों, प्रौद्योगिकी और बिज़नस कनेक्ट पर केंद्रित था।

इस आयोजन के दौरान एनएचपीसी लिमिटेड (भारत सरकार की नवरत्न कंपनी) ने 3.00 लाख रुपये की प्रायोजन राशि और प्रतिनिधियों का समर्थन प्रदान किया। इस दौरान सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के कई मानव संसाधन पेशेवर और प्रतिष्ठित बिजनेस स्कूलों के शिक्षाविद और प्रबंधन छात्र सम्मेलन का हिस्सा थे। इस दौरान एनएचपीसी लिमिटेड के विभिन्न परियोजनाओं एवं पावर स्टेशन से मानव संसाधन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

## एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ ने मनाया संविधान दिवस

एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ ने भारत के संविधान को अपनाने का स्मरण करते हुए 26 नवंबर 2024 को 'संविधान दिवस' मनाया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के कार्यपालक निदेशक श्री निर्मल सिंह ने क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में भारत के संविधान की 'उद्देशिका' पढ़ी।



## एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ को राजभाषा में अच्छा कार्य करने हेतु "प्रशस्ति पत्र" प्राप्त




क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ जो कि निगम मुख्यालय तथा अपनी अधीनस्थ परियोजनाओं/पावर स्टेशनों के साथ समन्वयक के रूप में काम करता है। राजभाषा की दृष्टि से एनएचपीसी लिमिटेड का क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ "ख" क्षेत्र के अंतर्गत स्थित है। यह कार्यालय कार्यपालक निदेशक महोदय निर्मल सिंह की अगुवाई में राजभाषा के क्षेत्र में भी अच्छा कार्य कर रहा है जिसकी सराहना निगम मुख्यालय द्वारा इस कार्यालय को वर्ष 2023–24 में हिंदी के प्रचार – प्रसार को गति प्रदान करने के लिए दिनांक 27 नवंबर 2024 को "राजभाषा शील्ड" तथा "प्रशस्ति पत्र" से नवाज कर की गई, जो कार्यपालक निदेशक महोदय सहित सभी कार्मिकों के लिए गौरव तथा हर्ष का पल है, क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ की ओर से यह पुरस्कार अमित अग्रवाल, समूह वरिष्ठ प्रबंधक–मानव संसाधन ने प्राप्त किया।

## एनएचपीसी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में आयोजित की गई हिंदी कार्यशाला




क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में दिनांक 11 दिसंबर 2024 को एक पूर्ण दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस हिंदी कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए महाप्रबंधक (विधि) ने सभी प्रतिभागियों को अधिक से अधिक लाभ लेने की प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा अर्जित ज्ञान को अपने अपने विभागों के रोजमर्रा के कार्यों में लागू करने के लिए उचित निर्देश दिए। पूर्वाह्न के वक्ता अरविंद कुमार, सहायक निदेशक (टंकण तथा आशुलिपि) क्षेत्रीय कार्यालय, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, चंडीगढ़ का पुष्प भेंट कर स्वागत किया। सहायक निदेशक ने अपने व्यक्तव्य में हिंदी के विभिन्न प्रशिक्षणों के बारे में विस्तार से अवगत कराया तथा प्रत्येक कार्मिक के लिए हिंदी प्रशिक्षण प्रदान करने की उपयोगिता पर बल दिया।

अपराह्न सत्र के वक्ता डॉक्टर जगजीत कुमार, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, आईओसीएल पंजाब कार्यालय, चंडीगढ़ का स्वागत उप महाप्रबंधक (वित्त) प्रणव मिश्रा द्वारा किया गया। डॉक्टर जगजीत कुमार ने राजभाषा नीति, नियमों तथा अधिनयम की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की तथा हिंदी के कामकाज में आई टी टूल्स के उपयोग के बारे में व्यापक चर्चा की। इस हिंदी कार्यशाला में क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में पदस्थ 20 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

## चंडीगढ़ ऍथलेटिक्स एसोशिएशन द्वारा चंडीगढ़ में मास्टर ऍथलेटिक्स स्टेट चैंपियनशिप 2024-2025 के दौरान एनएचपीसी द्वारा प्रायोजन

एनएचपीसी क्षेत्रिय कार्याल चंडीगढ़ द्वारा मास्टर ऍथलेटिक्स स्टेट चैंपियनशिप 2024–2025 में प्रायोजन।

क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ ने चंडीगढ़ ऍथलेटिक्स एसोशिएशन द्वारा चंडीगढ़ में दिनांक 21.12.2024 से 22.12.2024 तक आयोजित मास्टर ऍथलेटिक्स स्टेट चैंपियनशिप 2024–2025 में रु 70,000 का प्रयोजन किया।

चैंपियनशिप एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में चंडीगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन उत्तर और दक्षिण जिला, क्रॉस कंट्री और मास्टर्स एथलेटिक्स स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन दिनांक 21.12.2024 से 22.12.2024 तक सेक्टर 7 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, चंडीगढ़ में आयोजित किया गया।

इस रोमांचक चैंपियनशिप में राज्य स्तर/राष्ट्रीय स्तर/अंतरराष्ट्रीय स्तर/स्कूल/कॉलेज/संस्था/विभाग/बोर्ड/निगमों और चंडीगढ़, हरियाणा और पंजाब राज्यों के अधिकारियों से लगभग 1500 एथलीट ने भाग लिया।



## एनएचपीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री संतोष कुमार ने किया क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ का दौरा



एनएचपीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री संतोष कुमार ने दिनांक 26.12.2024 को क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ का दौरा किया। इस दौरान कार्यालय परिसर में आगमन पर महाप्रबंधक (वित्त) श्री संजय वर्मा ने मुख्य सतर्कता अधिकारी का पुष्पगुच्छ देकर एवं शाल–टोपी पहना कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस दौरे के दौरान मुख्य सतर्कता अधिकारी ने कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारीयों के साथ बैठक की एवं क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अधिनस्त विभिन्न परिजनाओं/पॉवर स्टेशन में चल रही विकासात्मक गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की एवं मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक श्री प्रणव कुमार मिश्रा, एवं क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II

## पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II ने मनाया 50वां एनएचपीसी स्थापना दिवस



एनएचपीसी की पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II में दिनांक 7 नवंबर 2024 को नगवाईं कार्यालय परिसर में 50वें एनएचपीसी स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। श्री रणजीत सिंह, महाप्रबंधक (यांत्रिक) द्वारा एनएचपीसी ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। उन्होने परियोजना के सभी कार्मिकों व उपस्थित लोगों को 50वें एनएचपीसी स्थापना दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में श्री रणजीत सिंह ने सभी कार्मिकों को पूरे जोश और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होने बताया कि एनएचपीसी की सीएसआर नीति के तहत परियोजना प्रभावित क्षेत्रो के उत्थान करने में परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

एनएचपीसी स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य पर अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने निगम के परियोजना/पावर स्टेशन, कार्यालय क्षेत्रों व यूनिटों के कार्मिकों को बेव लाइव कास्टिंग द्वारा संबोधित किया।

इस कार्यक्रम के दौरान प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू एवं प्रेस क्लब ऑफ सैंज के विभिन्न समाचार पत्र के पत्रकारों तथा परियोजना प्रभावित क्षेत्रो के प्रधानों को सम्मानित किया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर स्थानीय कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस समारोह में स्थानीय विक्रेताओं तथा परियोजना की महिलाओं द्वारा विभिन्न स्टाल भी लगाये गये जिसे लोगों द्वारा काफी सराहा गया। इस कार्यक्रम में परियोजना के अधिकारी व कर्मचारी तथा उनके परिवार के सदस्य एवं संविदा कार्मिक शामिल हुए।

# पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II द्वारा दिनांक 7 दिसम्बर 2024 को पावर हाउस कार्यालय परिसर में जिला चिकित्सालय कुल्लू के सौजन्य से विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एचआईवी/एड्स(HIV/AID) विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्बती-II परियोजना के महाप्रबंधक (यांत्रिक) श्री रणजीत सिंह की उपस्थिति में इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मीरा जैन एवं महाप्रबंधक(चिकित्सा सेवाएं) डॉ.ज्योतिर्मय जैन ने एचआईवी/एड्स(HIV/AIDS) के संक्रमण और रोकथाम के बारे में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा बताया। इस जागरूकता कार्यक्रम में परियोजना के कर्मियों, संविदा कार्मिकों, स्थानीय लोगों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय कुल्लू के डॉ.इन्दु, परियोजना के महाप्रबंधक(सिविल) श्री प्रवीण कुमार, अन्य अधिकारी एवं पैरामेडिकल स्टॉफ उपस्थित रहें।

# पार्वती जलविद्युत परियोजना चरण –II में "संविधान दिवस" मनाया।




एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण–II में 26 नवंबर, 2024 को "संविधान दिवस" मनाया गया। इस अवसर पर परियोजना के महाप्रबंधक (सिविल) श्री पी.के.श्रीवास्तव ने नगवाईं कार्यालय परिसर में परियोजना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में संविधान की उद्देशिका पढ़ी।

# टनकपुर पावर स्टेशन

## टनकपुर पावर स्टेशन में "स्वच्छता ही सेवा 2024" के अवसर पर प्रशासनिक भवन में कार्यस्थलों पर सफाई अभियान




टनकपुर पावर स्टेशन में दिनांक 24.09.2024 को "स्वच्छता ही सेवा 2024" के अवसर पर प्रशासनिक भवन में सफाई अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत ट्रेनिंग हॉल, रिकार्ड कक्ष, लाइब्रेरी एवं अन्य सभी विभागों में पूर्ण रूप से स्वच्छता हेतु कार्य किए गए तथा सभी कार्मिकों द्वारा अपने–अपने कार्य स्थलों की सफाई भी की गई। जिसमें यह पाया गया कि पूर्व से भी सभी कार्मिक नियमित सफाई हेतु जागरूक हैं।

साफ-सफाई हेतु सभी कार्मिकों के जागरूक होने पर पावर स्टेशन प्रमुख द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया एवं सभी कर्मचारियों को इसी प्रकार प्रतिदिन अपने अपने कार्यस्थलों को स्वच्छ रखने की अपील की एवं स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत सभी से अपना पूर्ण योगदान देने की मांग की।

## टनकपुर पावर स्टेशन में "स्वच्छता ही सेवा 2024" के अवसर पर नुक्कड़ नाटक द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम।




टनकपुर पावर स्टेशन में दिनांक 25.09.2024 को "स्वच्छता ही सेवा 2024" के अवसर पर प्रशासनिक भवन के सामने नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पावर स्टेशन प्रमुख, श्री राजिल व्यास एवं महाप्रबंधक, (विद्युत) मो. जावेद अंसारी के अतिरिक्त पावर स्टेशन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बनबसा से आई एक टीम ने नुक्कड़ नाटक की बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी जिसमें नुक्कड़ नाटक के कलाकारों द्वारा आंतरिक एवं बाह्य स्वच्छता के साथ–साथ स्वच्छता का स्वास्थ से संबंध दर्शाया गया। तत्पश्चात, नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा एक सांस्कतिक नृत्य एवं गायन द्वारा स्वच्छता का पाठ पढ़ाया गया जो बहुत ही सराहनीय एवं प्रशंसनीय प्रस्तुति थी।

उपरोक्त स्वच्छता कार्यक्रम के अंत में पावर स्टेशन प्रमुख द्वारा संबोधन में उक्त स्वच्छता कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक की सराहना की गयी एवं अन्य कर्मचारियों से यह अपील की गयी कि वे इस नुक्कड़ नाटक के कार्यक्रम को केवल एक मनोरंजन के तौर पर न लें बल्कि नाटक द्वारा व्यक्त की गयी स्वच्छता शिक्षा को भी अपने जीवन में पूर्ण रूप से उतारें एवं स्वच्छता के सभी नियमों को अपने जीवन में पालन करें ताकि सभी के स्वच्छ विचार, व्यवहार एवं आचार से एक स्वच्छ एवं सुंदर राष्ट्र का निर्माण हो सके। कार्यक्रम के अंत में, समूह वरि. प्रबंधक (मा. संसा.) ने बनबसा क्षेत्र से आई नुक्कड़ नाटक टीम की प्रशंसा कर सभी का धन्यवाद दिया एवं सभी से स्वच्छता नियमों का पालन करने को कहा, साथ ही यह अपील की कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी स्वच्छता ही सेवा के तहत प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रमों में अपना–अपना पूर्ण सहायोग प्रदान करें।

## टनकपुर पावर स्टेशन ,बनबसा में "सतर्कता जागरूकता अभियान" के अंतर्गत निवारक सतर्कता तथा लोकहित प्रकटीकरण और मुखबिर संरक्षण संकल्प (PIDPI) का आयोजन।




एनएचपीसी के टनकपुर पावर स्टेशन, बनबसा, में केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशन में "सतर्कता जागरूकता अभियान" के अंतर्गत निवारक सतर्कता तथा लोकहित प्रकटीकरण और मुखबिर संरक्षण संकल्प (PIDPI) के संबंध में 18 अक्टूबर, 2024 को फागपुर गॉव में परियोजना सकर्तता अधिकारी श्री शिव कुमार श्रीवास्तव द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई और इस संकल्प के संबंध में जागरूक किया। 18 अक्टूबर 2024 को श्री शिव कुमार श्रीवास्तव, परियोजना सतर्कता अधिकारी ने निवारक सतर्कता तथा पीडीपी के बारे में उपस्थित ग्रामीणों की शंकाओं का समाधान किया। इस दौरान फागपुर ग्राम पंचायत मे फागपुर के ग्राम प्रधान श्री हर्ष बहादुर चंद तथा टनकपुर पावर स्टेशन, बनबसा के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशन मे सतर्कता जागरुकता अभियान 2024 के अंतर्गत दिनांक 21 अक्टूबर 2024 को सतर्कता कप हेतु क्रिकेट मैच का आयोजन एनएचपीसी ग्राउण्ड में एनएचपीसी एवं सीआईएसएफ के बीच खेला गया। टनकपुर पावर स्टेशन के कप्तान श्री राजील व्यास, पावर स्टेशन प्रमुख तथा उपकप्तान मो. जावेद अंसारी महाप्रबंधक (विद्युत) एवं सीआईएसएफ टीम के कप्तान श्री राजेश कुमार, सहायक कमांडेंट थे। इस क्रिकेट मैच के विजेता सीआईएसएफ की टीम रही। खेल के आयोजक सतर्कता विभाग के प्रमुख श्री शिव कुमार श्रीवास्तव–परियोजना सतर्कता अधिकारी एवं एनएचपीसी के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। PIDPI का संबंध ऐसे शिकायतकर्ताओं के संरक्षण से है जो भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों के मामले में अपनी पहचान उजागर नहीं करना चाहते हैं।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# टनकपुर पावर स्टेशन में उप निदेशक (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राजभाषा कार्यालयीन कार्यों का निरीक्षण



टनकपुर पावर स्टेशन बनबसा में दिनांक 28 नवम्बर 2024 को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित राजभाषा नीति के अनुसार हिंदी के प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार गृह मंत्रालय से डॉण् छबिल कुमार मेहेरए उप निदेशक ;कार्यान्वयनद्धए राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा टनकपुर पावर स्टेशन के राजभाषा कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरानए पावर स्टेशन प्रमुखए श्री राजिल व्यास एवं सभी विभागाध्यक्ष मौजूद थे। निरीक्षण के दौरानए डॉण् छबिल कुमार मेहेर द्वारा सभी विभागों से संबंधित कार्यालयीन कार्यों का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरान्तए डॉण् छबिल कुमार मेहेर ने टनकपुर पावर स्टेशन के हिंदी में कार्यालयीन कार्यों पर हर्ष जाहिर किया और अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया कि पावर स्टेशन में राजभाषा क्रियान्वयन की दिशा में यह संस्था एनएचपीसी टनकपुर पावर स्टेशन बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है इसके लिए पूरे टनकपुर पावर स्टेशन को हार्दिक बधाई। ;निरीक्षण पत्रिका की संबंधित प्रतिलिपि अवलोकन हेतु संलग्न हैद्ध।

निरीक्षण के उपरान्तए डॉण् छबिल कुमार मेहेर ने उपस्थति अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप लोग ऐसे ही राजभाषा हिंदी में कार्य करते रहें ताकि हमारी राष्ट्र भाषा की उन्नति में आप लोगों का शत.प्रतिशत योगदान बना रहे। इसके साथ ही उन्होंने पावर स्टेशन के सभी कर्मचारियों को पावर स्टेशन के कार्यलयीन कार्यों का सुचारू रूप से निरीक्षण हेतु हार्दिक धन्यवाद किया एवं अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

दिनांक 27.11.2024 को नराकासए हल्द्वानी की दूसरी छमाहीबैठक हल्द्वानी में आयाजित की गईए डॉण् छबिल कुमार मेहेरए उप निदेशक ;कार्यान्वयनद्धए राजभाषा विभागए गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं टनकपुर पावर स्टेशन प्रमुख व अन्य नराकास के अन्य सदस्यों के साथ बैठक में मौजूद थे। बैठक के दौरानए नराकासए हल्द्वानी के 47 कार्यालयों में सेए एनएचपीसी टनकपुर पावर स्टेशन को राजभाषा हिंदी में कार्य करने हेतु प्रथम पुरस्कारध्राजभाषा शील्ड 2023.24 से नवाजा गया। इस अवसर पर हल्द्वानी नराकास के सदस्य सचिवए श्री समीर कुमार ओझा एवं अन्य सदस्यों ने टनकपुर पावर स्टेशन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

## टनकपुर पावर स्टेशन में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन ।




टनकपुर पावर स्टेशन, बनबसा में दिनाँक 18 अक्टूबर 2024 को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास, श्रीमती संगीता व्यास एवं मोहम्मद जावेद अंसारी, महाप्रबंधक (विद्युत) द्वारा चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर को सफल बनाने हेतु जिला हास्पिटल, चम्पावत से डॉ. राशि भटनागर, एवं उनकी टीम उपस्थित थे, साथ ही टनकपुर पावर स्टेशन से डॉ. मीना, समूह वरि. उप मुख्य चिकित्साधिकारी एवं डॉ.जिशु वी. कुमार, वरि. चिकित्साधिकारी भी उक्त शिविर में अपना योगदान देने हेतु उपस्थित रहे। पावर स्टेशन प्रमुख एवं महाप्रबंधक (विद्युत) के साथ जिला हास्पिटल, चम्पावत से आए डॉक्टर ने द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पावर स्टेशन प्रमुख ने अपने उद्घाटन भाषण में उपस्थित एनएचपीसी कर्मचारी गण, संविदा कर्मचारी एवं औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों को संबोधित करते हुए प्रेरणा दी कि रक्तदान को जीवन दान भी कहा गया है, हम जो रक्तदान करते है वह किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करता है। यह उनकी स्वास्थ्य स्थिति को बेहतर बनाता है और उनकी गंभीर स्थिति से उबारने में मदद करता है। हमें रक्तदान के प्रति सभी व्यक्तियों को जागरूक करना चाहिए। जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचायी जा सके। शिविर मे उपस्थित जिला हास्पिटल, चम्पावत से डॉ. राशि भटनागर ने रक्तदान के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

उक्त राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास सहित कुल 20 व्यक्तियों ने रक्तदान देकर मानव जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए श्री सुदर्शन कुमार, ग्रुप वरिष्ठ प्रबन्धक (विधि/जनसम्पर्क) एवं डॉ. मीना प्रसाद, ग्रुप वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने चिकित्सा दल का हार्दिक धन्यवाद प्रस्तुत किया और आवाह्न किया कि इस तरह के रक्तदान शिविर समय—समय पर टनकपुर पावर स्टेशन में लगते रहने चाहिए ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसी की जान बचाई जा सके।

## टनकपुर पावर स्टेशन ,बनबसा में "सतर्कता जागरूकता अभियान" के अंतर्गत के औसु-बल, कार्मिकों को निवारक सतर्कता के बारे में संबंधी जानकारी




एनएचपीसी के टनकपुर पावर स्टेशन, बनबसा, में केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशा–निर्देशानुसार "सतर्कता जागरूकता अभियान" के अंतर्गत निवारक सतर्कता के संबंध में दिनांक 09.10.2024 को परियोजना सतर्कता अधिकारी, श्री शिव कुमार श्रीवास्तव ने के औसु-बल, कार्मिकों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा इस संबंध में जागरूक किया।

## टनकपुर पावर स्टेशन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अंतर्गत "क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम" "Capacity Building Training Programme" का आयोजन।




"सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि" Culture of Integrity for Nation*s Prosperity" विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2024 के कैम्पेन के अंतर्गत दिनांक 16.08.2024 से 15.11.2024 के दौरान "क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम" "Capacity Building Training Programme" के अंतर्गत टनकपुर पावर स्टेशन में दिनांक 07.10.2024 से 08.10.2024 को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान, पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास द्वारा "Ethics and Governance" के विषय पर व्याख्यान द्वारा टनकपुर पावर स्टेशन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जागरूक किया। इसी क्रम में, श्री पीयूष कांत कुलश्रेष्ठ, ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) ने "**कोंडुक्त रुल्स**" विषय के बारे में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जागरूक किया। श्री शिव कुमार श्रीवास्तव, परियोजना सतर्कता अधिकारी ने "Systems and procedure of the organization" विषय के बारे में अवगत कराया। श्री विजय कुमार सिंह, ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (आई टी) ने "Cyber hygiene and security" विषय के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं श्री दीपक टम्टा, वरिष्ठ प्रबंधक (विद्युत) ने एनएचपीसी द्वारा GeM Portal के माध्यम से किये जा रहे "प्तवबनतमउमदज" की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। इस कार्यक्रम के समापन पर, पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास ने सतर्कता के बारे में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जागरूक किया।

## श्री पुष्कर सिंह धामी माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड महोदय का टनकपुर पावर स्टेशन, बनबसा दौरा

माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड, श्री पुष्कर सिंह धामी जी दिनांक 01.11.2024 को टनकपुर पावर स्टेशन, बनबसा के दौरे पर रहे। टनकपुर पावर स्टेशन में पहुंचने पर माननीय मुख्यमंत्री जी का पावर स्टेशन प्रमुख, श्री राजिल व्यास जी ने तदौप्रांत पौंधा भेंट कर एवं शाल पहनाकर उनका हार्दिक स्वागत किया। तदौप्रांत, माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों एवं सेना के भूतपूर्व अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई जिसमें क्षेत्र के विभिन्नि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थति रहे। बैठक के दौरान, माननीय मुख्यमंत्री जी ने दीपावली के उपलक्ष्य में सभी को हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

दौरे के अंत में, माननीय मुख्यमंत्री जी ने टनकपुर पावर स्टेशन प्रबंधन का सुनियोजित तरीके से स्वागत एवं विशेष प्रबंध हेतु पावर स्टेशन प्रबन्धन का हार्दिक धन्यवाद किया और एनएचपीसी की चहुमुखी तरक्की के लिये शुभकामनाएं व्यक्त की।



# टनकपुर पावर स्टेशन में "स्वच्छता ही सेवा 2024" कार्यक्रम का समापन समारोह



टनकपुर पावर स्टेशन में दिनांक 17.09.2024 से दिनांक 01.10.2024 तक " स्वच्छता ही सेवा 2024" के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मानाया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत "स्वच्छता ही सेवा 2024" के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिनांक 17.09.2024 को सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता हेतु शपथ ली गयी। इसके अतिरिक्त शारदा इंटर कालेज बनबसा में स्वच्छता ही सेवा के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया साथ ही टनकपुर पावर स्टेशन के प्रशासनिक भवन एवं कार्यालयों के विभिन्न स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके पश्चात दिनांक 25.09.2024 को प्रशासनिक भवन के सामने एक नुक्कड नाटक टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया जिसमें स्वच्छता ही सेवा के तहत नियमों का पालन करने हेतु जानकारी दी गयी।

तत्पश्चात, दिनांक 01.10.2024 को टनकपुर पावर स्टेशन के स्पीच हॉल में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ, उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोक नृत्य "छोलिया नृत्य" द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पावर स्टेशन प्रमुख, श्री राजिल व्यास तथा महाप्रबंधक (विद्युत) मोहम्मद जावेद अंसारी के साथ–साथ सभी वरि. अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। उक्त आयोजन में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत, स्वच्छता ही सेवा के तहत, विभिन्न प्रकार के नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा नुक्कड़ नाटक, गायन एवं संगीत का आयोजन किया गया।

समापन समारोह में सभी विभागों/कार्यालयों के संविदाकर्मी एवं स्वच्छता सेवी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में, सभी सफाई कर्मचारियों को उनके उत्तम कार्य हेतु मनोबल बढ़ाने हेतु पुरस्कार/स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में, पावर स्टेशन प्रमुख द्वारा उपस्थित सभी जनसमूह को संबोधित किया एवं श्री पीयूष कान्त कुलश्रेष्ठ, ग्रुप वरिष्ठ प्रबन्धक (मा.सं.) ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आए नाटक एवं गायन मंडल के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

# टनकपुर पावर स्टेशन प्रमुख एवं अन्य अधिकारियों की जिला मजिस्ट्रेट, चम्पावत के साथ बैठक



टनकपुर पावर स्टेशन प्रमुख, श्री राजिल व्यास, महाप्रबंधक (विद्युत) श्री जावेद अंसारी एवं अन्य अधिकारियों ने दिनांक 08.11.2024 को माननीय जिला मजिस्ट्रेट, चम्पावत, श्री नवनीत पाण्डे (ाै) के साथ एक औपचारिक बैठक की। सर्वप्रथम, पावर स्टेशन प्रमुख ने माननीय जिला मजिस्ट्रेट को पौधा भेंटकर उनका अभनिंदन किया। बैठक के दौरान, पावर स्टेशन प्रबंधन द्वारा मानसून के दौरान शारदा नदी में कटाव के कारण नदी का प्रवाह बदले जाने के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान, जिला प्रशासन को अवगत कराया कि अत्यधकि बाढ़ के कारण नदी ने अपना प्रवाह दांये तरफ बदल लिया है, जिसकी बजह से सैलानीगोठ गॉव की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया है। गॉव को बचाने हेतु आवश्यक प्रबंध कर नदी के प्रवाह को बीच में करने हेतु त्व 3000 से त्व 5000 तक चैनल बनाने एवं खनन का कार्य नदी के दांये तरफ न करके बीच में करने की अत्यंत आवश्यकता है।

बैठक के दौरान, जिला मजिस्ट्रेट के संज्ञान में यह भी लाया गया कि बैराज के बांये तटबंध पर प्रस्तावित कार्य के लिए नेपाल प्रशासन व्यवधान डाल सकता है इसलिए इस विषय को नेपाल प्रशासन के संज्ञान में लाकर उनसे भी अनुमति प्राप्त की जाये। बैठक के उपरांत, माननीय जिला मजिस्ट्रेट ने उपरोक्त विषयों पर गम्भीरता दिखाते हुए उपरोक्त मसलों को एक समिति द्वारा संयुक्त रूप से सर्वेक्षण करवाकर प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक के उपरांत, माननीय जिला मजिस्ट्रेट ने अभनिंदन हेतु टनकपुर पावर स्टेशन प्रबंधन का हार्दिक धन्यवाद दिया एवं एनएचपीसी प्रबंधन को हर संभव सहयोग का आश्वासन देकर एनएचपीसी की चौहुमुखी तरक्की के लिए शुभकामनायें दीं।

## टनकपुर पावर स्टेशन, बनबसा में संविधान दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन



संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवम्बर 2024 को टनकपुर पावर स्टेशन, बनबसा में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में, पावर स्टेशन प्रभारी, मो. जावेद अंसारी ने सभी उपस्थित एनएचपीसी कर्मचारियों और संविदा कर्मचारियों को संविधान दिवस की बधाई दी। उन्होंने भारतीय संविधान के महत्व और उसकी भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी। श्री अंसारी ने बताया कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में 26 नवंबर 1949 का दिन बेहद यादगार और ऐतिहासिक था। यही वह दिन था, जब भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था और भारत ने अपने संविधान को अपनाया था। भारत का संविधान भारत के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समतावादी ढांचे को परिभाषित करने वाला आधारभूत दस्तावेज है। पिछले सात दशकों में, इसने राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों के माध्यम से राष्ट्र का मार्गदर्शन किया है तथा न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सुनिश्चित किया है–जो भारत के शासन के मूल सिद्धांत हैं। इन मूल्यों को हर साल संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह संविधान ही है जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक होने की भावना का एहसास कराता है। जहां संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारे हक दिलाते हैं, वहीं इसमें दिए मौलिक कर्तव्य हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाते हैं। इस अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि संविधान के साथ साथ देश के हर कानून एवं मौलिक कर्तव्यों का दृढ़ता से पालन करना चाहिये।

इसके बाद, पावर स्टेशन प्रभारी ने सभी कर्मचारियों को संविधान के प्रति सम्मान और निष्ठा की शपथ दिलाई। शपथ लेने के उपरांत, श्री सुदर्शन कुमार, उप महाप्रबंधक (विधि / राजभाषा) ने सभी कर्मचारियों को संविधान दिवस की बधाई दी और संविधान की गहराई और उसकी महत्ता के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुये संविधान दिवस कार्यक्रम मे उपस्थित सभी कर्मचारियो को शुभकामनायें दी ।

## टनकपुर पावर स्टेशन में एनएचपीसी "स्वर्ण जयंती" स्थापना दिवस समारोह का आयोजन



टनकपुर पावर स्टेशन में एनएचपीसी "स्वर्ण जयंती" स्थापना दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राजिल व्यास, पावर स्टेशन प्रमुख ने एनएचपीसी ध्वजारोहण कर एवं एनएचपीसी गीत के साथ किया। तत्पश्चात, पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास, एवं श्रीमती संगीता व्यास द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय नं. 2, बनबसा के प्राचार्य, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारी, स्थानीय पत्रकार समूह एवं एनएचपीसी के अधिकारीगण व कर्मचारीगण अपने परिवार के साथ सभास्थल पर उपस्थित थे।

सर्वप्रथम, पावर स्टेशन प्रमुख ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एनएचपीसी के 50वें स्थापना दिवस "स्वर्ण जयंती" के अवसर पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। उसके बाद मुख्य अथिति ने अपने सम्बोधन भाषण में बताया कि 7 नवंबर 1975 से एनएचपीसी ने अपने सफर की शुरुआत की थी, शुरुआती दिनों में एनएचपीसी के पास तीन परियोजनाएं थी, जिसमें बैरा स्यूल, लोकतक एवं सलाल परियोजनाएं शामिल थी। आप लोगों के कठिन परिश्रम एवं लगन कि बदौलत आज एनएचपीसी के पास 27 पावर स्टेशन संचालन में हैं जिससे संस्थापित क्षमता 7144 मेगावाट है। विभिन्न परियोजनाओं में कार्य चल रहा है, एवं जल्द ही अपना विद्युत उत्पादन शुरू कर देंगे और कई परियोजनाऐं अन्वेषण अधीन हैं जिन पर जल्द कार्य शुरू हो सकता है। एनएचपीसी ने 2047 तक 50,000 मेगावाट की उत्पादन क्षमता का लक्ष्य रखा है जो कि समय पर पूरा होने की पूरी उम्मीद है। मुख्य अतिथि ने सभी कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए एनएचपीसी के प्रति कर्तव्य परायणता और कठोर परिश्रम के लिए आवाहन किया। वर्तमान में एनएचपीसी को नवरत्न का दर्जा भी प्राप्त हुआ है, और आगे का लक्ष्य एनएचपीसी लिमिटेड को जल्द से जल्द देश का महारत्न संस्थान बनाने का रहेगा। यह सब आप लोगों की कठोर परिश्रम एवं लगन का परिणाम है।

पावर स्टेशन प्रमुख ने एनएचपीसी की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुये बताया कि एनएचपीसी प्रदूषण रहित तरीके से ऊर्जा उत्पादन के कार्य में भारत का एक अग्रणी संस्थान है। आज पूरा विश्व एनएचपीसी द्वारा वातावरण को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की जा रही है। इन सब उपलब्धियों के लिये पावर स्टेशन के सभी अधिकारीगण व कर्मचारीगण एवं उनके परिवार के सदस्य बधाई के पात्र हैं। अपने सम्बोधन मे, पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास जी ने बताया कि गत वर्ष 2023–2024 में कम बारिश के बाबजूद टनकपुर पावर स्टेशन ने डिजाइन एनर्जी (452 डें) से अधिक 453 मिलियन यूनिट जनरेशन किया है और PAF भी 83.87% प्राप्त किया है जो कि उत्कृष्ट लक्ष्य से ज्यादा है। इस उपलब्धि के लिए पावर स्टेशन के सभी अधिकारी व कर्मचारी एवं उनके परिवारजन बधाई के पात्र है।

अपने संबोधन के अंत में, पावर स्टेशन प्रमुख ने केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों, सुरक्षाकर्मियो, सभी गणमान्य व्यक्तियों, मीडिया से पधारे सभी पत्रकार बंधुओं का सहयोग के लिये हार्दिक धन्यवाद प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि "स्वर्ण जयंती" स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य मे एनएचपीसी टनकपुर पावर स्टेशन के कर्मचारियों के परिवार के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार कर मेले में अपने स्टाल लगाए गए, जिनका आगन्तुकों ने भरपूर आनंद लिया। समारोह के दौरान, पावर स्टेशन प्रमुख एवं अधिकारीगण , कर्मचारीगण ने आकाश में गुब्बारे उड़ाये, जो की एक अदभुत नजारा था।



कार्यक्रम के दौरान, लाइव टेलीकास्टिंग के माध्यम से माननीय अध्यक्ष एवं प्रबन्धक निदेशक महोदय एवं निदेशक मण्डल का उत्साहवर्धक सम्बोधन सभी आपार जनसमूह को सुनाया गया। निदेशक मण्डल द्वारा अपने भाषण में एनएचपीसी के सभी कर्मचारियो एवं उनके परिवार को एनएचपीसी के "स्वर्ण जयंती" स्थापना दिवस समारोह की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए दीं और सभी को एनएचपीसी की उन्नति के लिए दिन दोगुनी रात चोगुनी मेहनत करने के लिए आग्रह किया।

इसी दौरान, "स्वर्ण जयंती" एनएचपीसी स्थापना दिवस के अवसर पर टनकपुर पावर स्टेशन द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगितायें आयोजित की गईं, जिसमें 7 से 10 वर्ष आयु एवं 11 से 13 वर्ष आयु में 100 मीटर दौड़, पुरुष, महिला एवं बच्चे वर्ग मे शतरंज, बैडमिंटन, कैरम एवं रस्सा– कस्सी प्रतियोगिता मुख्यतः से रहे। एनएचपीसी के जवानों एवं एनएचपीसी, टनकपुर पावर स्टेशन के कर्मचारियों के बीच में रोमांचक मैच रहा, जिसमें काफी लम्बे समय के बाद एनएचपीसी के टीम विजयी रही। कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

एनएचपीसी "स्वर्ण जयंती" स्थापना दिवस समारोह की संध्या पर लखनऊ से आमंत्रित, मशहूर गजल गायक श्री कमाल खान एवं उनके साथियों द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें आस–पास के क्षेत्रीय लोगों एवं एनएचपीसी कर्मचारी एवं संविदा कर्मचारियों ने अपने परिवार के साथ भरपूर आनंद लिया। इस दौरान टनकपुर पावर स्टेशन के परिसर में विशाल मेले का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय आगन्तुकों ने भरपूर लाभ उठाया।

कार्यक्रम के अन्त में, महाप्रबन्धक (विद्युत) मोहम्मद जावेद अंसारी ने उपस्थित आपार जन–समूह एवं आयोजकों को कार्यक्रम सफल बनाने के लिये धन्यवाद प्रस्तुत किया और जय हिन्द एवं एनएचपीसी का जयकारा लगाकर समारोह का समापन किया।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 का आयोजन




टनकपुर पावर स्टेशन में दिनांक 28 अक्टूबर 2024 से 3 नवंबर 2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में दिनांक 28.10.2024 को पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास द्वारा सभी अधिकारी व कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई गई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान, पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास जी ने सत्यनिष्ठा से कार्य एवं ईमानदारी के साथ करने के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरणा दी। उन्होने अपने सम्बोधन में, सतर्कता सप्ताह का उद्देश्य भ्रष्टाचार के खलिाफ जागरूकता बढ़ाना है और साथ ही यह सुनिश्चति करना है कि प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वाहन करे और अपने अधिनस्थों से नियमों और विनियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा, क्योंकि भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है एवं साथ ही कार्यनिष्पादन में देरी को भ्रष्टाचार के एक महत्वपूर्ण कारण के रूप में उजागार करते हुए, उन्होंने काम में अनावश्यक देरी से बचने और यह सुनिश्चति करने पर जोर दिया कि कार्य नियमों और प्रक्रियाओं के पूर्ण पालन के साथ किया जाये। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान, श्री जावेद अंसारी, महाप्रबंधक (विद्युत) जी ने सत्यनिष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य करने का आवाह्न किया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के दौरान, सत्यनिष्ठा क्लब के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय न०–2 एनएचपीसी, बनबसा के विद्यार्थियो ने कविता पाठ, निबन्ध व चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। समस्त पावर स्टेशन के कर्मचारियों को विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा सतर्कता के प्रति जागरूक रहने के लिए अनेक कार्यक्रम कराये गए।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत, सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया और इस प्रतियोगिता में सभी ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। दिनांक 25.10.2024 को टनकपुर पावर स्टेशन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन निगम मुख्यालय के सतर्कता विभाग द्वारा कराया गया। जागरूकता सप्ताह के अंतिम पड़ाव में टनकपुर पावर स्टेशन में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार के महिलाओं ने कविता पाठ प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी दर्ज करवाई।

दिनांक 07.11.2024 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विधिवत रूप से समापन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस दौरान पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास द्वारा समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय थल सेना के कैप्टन (सेवानिवृत्त) श्री गोविन्द बल्लभ भट्ट जी एवं श्रीमती भट्ट का सम्मान किया गया। श्री गोविन्द बल्लभ भट्ट भारतीय थल सेना से सेवानिवृत्त हुए हैं एवं उन्होने कारगिल युद्व के दौरान लड़ाई में सीधे तौर पर भाग लिया था।

समापन समारोह के दौरान, प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया गया। केन्द्रीय विद्यालय न०–2 के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समापन समारोह के दौरान सभी वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण केन्द्रीय विद्यालय के मैदान में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में श्री शिव कुमार श्रीवास्तव, परियोजना सतर्कता अधिकारी, टनकपुर पावर स्टेशन के द्वारा मुख्य अतिथि श्री गोविन्द बल्लभ भट्ट जी, पावर स्टेशन प्रमुख, महाप्रबंधक (विद्युत), समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उपस्थित जनसमूह का हार्दिक धन्यवाद किया गया।

# क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू

## हिंदी कार्यशाला का आयोजन




राजभाषा के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू में दिनांक 18 दिसंबर, 2024 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 14 अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक, श्री राम स्वरूप के निर्देशन में श्री रजनीश कुमार, उप महाप्रबंधक (जनसंपर्क) ने श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन) राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली का स्वागत किया तथा कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री रजनीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि राजभाषा नीति के तहत प्रत्येक तिमाही मे हिंदी कार्यशाला आयोजित किया जाता है, जिसके माध्यम से कार्मिको को हिंदी मे कार्य करने संबंधी कार्यअभ्यास कराया जाता है। उन्हें नवीनतम तकनीक बतलाई जाती है। उन्होंने कहा कि राजभाषा नियमों और नीति का सम्पूर्ण अनुपालन करते हुए हमें राजभाषा लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रगतिशील रहना है।

कार्यशाला के व्याख्यानदाता श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन) ने अपने व्याख्यान में प्रतिभागियों को राजभाषा नीति और अनुवाद संबंधी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने राजभाषा से संबंधित कार्यालयीन कार्यों पर चर्चा की तथा इसके कार्यान्वयन को और अधिक सरल कैसे बनाया जाएँ इस पर प्रतिभागियों से चर्चा की। क्षेत्रीय कार्यालय जम्मू के समस्त प्रतिभागियों ने एक स्वर से हिंदी कार्यशाला आयोजित करने के लिए राजभाषा विभाग का आभार व्यक्त किया और साथ ही साथ हिंदी मे अधिक से अधिक कार्य करने के लिए अपनी रूची व्यक्त की।

## एनएचपीसी स्थापना दिवस समारोह का आयोजन



क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू में 50 वां एनएचपीसी स्थापना दिवस 07 नवंबर 2024 को उल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री राम स्वरूप, कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा एनएचपीसी ध्वज फहरा कर किया गया। इसके बाद सभी कार्मिकों ने एनएचपीसी गीत गाया। श्री राम स्वरूप, कार्यपालक निदेशक महोदय ने सभी को एनएचपीसी स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनएचपीसी आज भारत सरकार की नवरत्न कंपनी है। यह दर्जा हमे प्राप्त हुआ है मेहनत और लगन से काम करने के कारण । आज हम सभी के मेहनत का फल हमे नवरत्न के तौर पर मिला है। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र है। हमे भविष्य मे और भी सफलता देखनी है और हम सभी नई चुनौतियों के लिए तैयार है। उन्होने सभी से निःस्वार्थ भाव से देश के विकास मे अपना योगदान देने को कहा।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा सभी कार्मिकों व सहयोगी कर्मियों को प्रतीक चिन्ह भी प्रदान किए गए। इस उपलक्ष्य मे सभी कार्मिकों को मिष्ठान भी वितरित किया गया। इस अवसर पर श्री गुरुदत्त, महाप्रबंधक (वित्त), श्री सतनाम सिंह, महाप्रबंधक (सिविल), श्री आर.पी.मौर्य, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), वरिष्ठ अधिकारीगण व कर्मचारीगण और संविदाकर्मीगण भी उपस्थित थे।

## क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी में दीपोत्सव का आयोजन



क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी में 31 अक्टूबर 2024 को कर्मचारी कल्याण गतिविधि के तहत कार्यपालक निदेशक (क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी) श्री अनिल कुमार दाश की अगुआई में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री रमेश चंद्र दास ने सभी कार्मिकों को दीपोत्सव के अवसर पर बधाई दी तथा रौशनी के इस पर्व को सुरक्षित तरीके से मनाने की सलाह दी। सभी कार्मिकों एवं संविदा कर्मियों ने एक दूसरे को दिवाली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया।

# दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना

## माननीय उपमुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश के साथ बैठक



कार्यपालक निदेशक (डीएमपी) ने 13.10.2024 को नामसाई (अरुणाचल प्रदेश) में माननीय उप मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश श्री चौना मीन के साथ महत्वपूर्ण परियोजना मुद्दों जैसे पासीघाट और रोइंग बाईपास सड़कों का निर्माण, पासीघाट में रेलवे साइडिंग का विकास, संविदात्मक और स्थानीय मुद्दे आदि पर शिष्टाचार बैठक की। माननीय उप मुख्यमंत्री ने परियोजना कार्यों में तेजी लाने और परियोजना से संबंधित के मुद्दों को हल करने के लिए एनएचपीसी को हर संभव मदद और समर्थन का आश्वासन दिया।

## माननीय सांसद (अरुणाचल प्रदेश) श्री तापिर गाओ के साथ बैठक

कार्यपालक निदेशक (डीएमपी) ने 14.10.2024 को दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के साइट कार्यालय में अरुणाचल पूर्व के माननीय सांसद श्री तापिर गाओ के साथ बैठक की। उन्हें परियोजना की नवीनतम स्थिति और पासीघाट में प्रस्तावित रेलवे साइडिंग के बारे में जानकारी दी गई। माननीय सांसद महोदय ने परियोजना के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।



## ईडी (डीएमपी) ने श्री मोपी मिहू, माननीय विधायक अनिनी और श्री मुच्चू मीठी, माननीय विधायक रोइंग एवं श ्री पुइन्यो अपुम, माननीय विधायक दाम्बुक के साथ बैठक की



कार्यपालक निदेशक (डीएमपी) ने 05.10.2024 को श्री मोपी मिहू, माननीय विधायक, अनिनी के साथ और 07.10.2024 को श्री मुचू मिथी, माननीय विधायक, रोइंग और श्री पुइन्यो अपुम, माननीय विधायक, डंबुक के साथ शिष्टाचार बैठक कीं। कार्यपालक निदेशक (डीएमपी) ने उन्हें चल रही गतिविधियों के बारे में जानकारी दी और विभिन्न स्थानीय और प्रशासनिक मुद्दों को हल करने के लिए उनके निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के लिए माननीय विधायकों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिसके परिणामस्वरूप परियोजना की विभिन्न गतिविधियों का सुचारू निष्पादन हुआ। बैठक के दौरान, माननीय विधायकों ने कार्यकारी निदेशक से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि परियोजना पर काम निरंतर और सुचारू रूप से किया जाए ताकि परियोजना समय पर पूरी हो सके। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि एनएचपीसी स्थानीय लोगों को परियोजना कार्यों में प्राथमिकता के आधार पर शामिल करें। माननीय विधायकों ने दिबांग परियोजना के सफल कार्यान्वयन के लिए अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया।

## माननीय राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले मंत्रालय, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, भारत सरकार ने परियोजना का दौरा किया

श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया, माननीय राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार ने 17.11.24 को परियोजना का दौरा किया। इस दौरान श्री पुइन्यो अपुम, माननीय विधायक, डम्बुक और श्रीमती सौम्या सौरभ, आईएएस, डीसी, एलडीवी भी मौजूद थे। माननीय मंत्री ने बांध स्थल, एचआरटी, एडिट, डीटी, एमएटी–2 और सीसीवी का दौरा किया और कार्यों की प्रगति से अवगत हुए। माननीय मंत्री ने परियोजना के समय पर पूरा होने पर संतोष व्यक्त किया और प्रोत्साहित किया।



## एनएचपीसी के दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना में 50वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया




एनएचपीसी का 50वां स्थापना दिवस समारोह 07 नवंबर 2024 को दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के परियोजना भवन परिसर में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यपालक निदेशक, डीएमपी द्वारा एनएचपीसी ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों ने एनएचपीसी गीत गाया। इसके अलावा, स्थानीय समूहों द्वारा पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया गया और विवेकानंद केंद्रीय विद्यालय और डिवाइन वर्ड स्कूल के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान, डॉ. नागेंद्र मोहन प्रसाद, सलाहकार (चिकित्सा सेवाएँ) द्वारा कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) पर एक जागरूकता कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

## डीसी, लोअर दिबांग घाटी जिला द्वारा गठित बोर्ड द्वारा भूमि के शेष हिस्से का सर्वेक्षण

लोअर दिबांग घाटी जिले के डीसी द्वारा एडीसी, डंबुक की अध्यक्षता में गठित बोर्ड द्वारा परियोजना सुविधा क्षेत्रों और न्यू अपाली और उससे आगे के लिए दाहिने किनारे की अप्रोच सड़क के लिए अधिग्रहित की जा रही भूमि के शेष हिस्से का सर्वेक्षण 26.11.2024 को किया गया। सर्वेक्षण के दौरान भूस्वामी, समुदाय के प्रतिनिधि और संबंधित सरकारी विभागों के अधिकारी आदि भी मौजूद थे।



## विश्व नवीकरण आध्यात्मिक ट्रस्ट और ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, रोइंग द्वारा ध्यान प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया



वर्ल्ड रिन्यूअल स्पिरिचुअल ट्रस्ट एवं ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, रोइंग द्वारा दिनांक 09.11.2024 से 11.11.2024 तक डिप्टी कमिश्नर ऑफिस के निकट जनरल ग्राउंड में 3 दिवसीय ध्यान प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में "गेस्ट ऑफ ऑनर" कार्यपालक निदेशक, डीएमपी एवं महाप्रबंधक (पर्यावरण) ने भाग लिया। इस अवसर पर दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना (डीएमपी) द्वारा एक प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें एनएचपीसी एवं डीएमपी परियोजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदर्शित की गई। कार्यशाला के दौरान स्थानीय निवासियों ने परियोजना द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा परियोजना से संबंधित अपने प्रश्नों पर उचित जानकारी प्राप्त की।

## माननीय मंत्री (पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, भूविज्ञान एवं खनन तथा DoTCL), अरुणाचल प्रदेश सरकार ने दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना (अरुणाचल प्रदेश) का दौरा किया



श्री वांगकी लोवांग, माननीय मंत्री (पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, भूविज्ञान और खनन और तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग विकास), अरुणाचल प्रदेश सरकार ने 11.12.2024 को दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना (अरुणाचल प्रदेश) का दौरा किया। श्री पुइन्यो अपुम, माननीय विधायक, डंबुक, श्री पी. सुब्रमण्यम (आईएफएस), पीसीसीएफ (एचओएफएफ), अरुणाचल प्रदेश सरकार, श्री सैमुअल चांगकिजा (आईएफएस), सीसीएफ, ईटानगर, श्री सोप्लान मन्यु (आईएफएस), सीसीएफ, पूर्वी अरुणाचल सर्कल, श्री तस्सर तलार, निदेशक (भूविज्ञान और खनन), अरुणाचल प्रदेश सरकार, श्री हिबू ताना, डीएफओ दिबांग वन प्रभाग, श्री मिटो रूमी, डीएफओ, मेहाओ वन्यजीव अभयारण्य, रोइंग और श्री टी राइम, डीएफओ, अनिनी भी दौरे के दौरान उपस्थित थे। माननीय मंत्री ने बांध, एचआरटी, एडिट टू डीटी, एमएटी–2 और सीसीवीटी साइट क्षेत्रों का दौरा किया और परियोजना की चल रही निर्माण गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरे के दौरान परियोजना के पर्यावरण, वन और भूमि संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा हुई। माननीय मंत्री महोदय ने परियोजना की गतिविधियों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि सभी को राष्ट्रीय महत्व की इस महत्वपूर्ण परियोजना से जुड़ने पर गर्व होना चाहिए।

## माननीय उपमुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश और डीएफओ, दिबांग वन प्रभाग ने दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना का दौरा किया



दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के कार्यकारी निदेशक ने नामसाई की अपनी यात्रा (02.12.2024 से 03.12.2024) के दौरान माननीय उपमुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश और राज्य के अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ शिष्टाचार बैठक की। कार्यकारी निदेशक, दिबांग ने उन्हें परियोजना की सभी चल रही निर्माण गतिविधियों की वर्तमान स्थिति और राज्य के ध्यान/समर्थन की आवश्यकता वाले मुद्दों के बारे में जानकारी दी।

डीएफओ, दिबांग वन प्रभाग, लोअर दिबांग घाटी जिला, रोइंग ने 03.12.2024 को रेंज वन अधिकारी, बिजारी, डंबुक के साथ डीएमपी की साइट का दौरा किया। दौरे के दौरान, डीएफओ ने परियोजना के निर्माण चरण के दौरान उचित मलबा डंपिंग/निपटान सुनिश्चित करने के लिए उठाए जाने वाले उपायों पर सुझाव दिया।



## माननीय मंत्री ने अरुणाचल प्रदेश के दिबांग घाटी जिले के रियानली गांव में सरकारी आवासीय विद्यालय के बालिका एवं बालक छात्रावास का उद्घाटन किया




श्री मोपी मिहू, माननीय विधायक, अनिनी सह माननीय पर्यटन, नागरिक उड्डयन, भूविज्ञान और खनन मंत्री, अरुणाचल प्रदेश सरकार के सलाहकार ने 18.12.2024 को दिबांग घाटी जिले के रियानली गांव में सरकारी आवासीय विद्यालय के बालिका और बालक छात्रावास का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दिबांग घाटी के उपायुक्त श्री पगली सोरा और कार्यकारी निदेशक (डीएमपीपी) श्री ललितेंदु कुमार त्रिपाठी भी उपस्थित थे। छात्रावासों के निर्माण की परियोजना को सीएसआर योजना के तहत 2880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना द्वारा वित्त पोषित किया गया है और आगे इसे दिबांग घाटी के जिला प्रशासन को सौंप दिया गया है।

## लोअर दिबांग घाटी जिले के एसपी रोइंग के साथ शिष्टाचार मुलाकात

दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के कार्यकारी निदेशक ने 26.12.2024 को लोअर दिबांग घाटी जिले के एसपी रोइंग के साथ शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक के दौरान परियोजना स्थल की सुरक्षा से संबंधित मुद्दों जैसे पुलिस चेक–पोस्ट की स्थापना और परियोजना स्थल के दाएं और बाएं दोनों किनारों पर पुलिस कर्मियों द्वारा नियमित गश्त पर चर्चा की गई।




## दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के कार्यपालक निदेशक ने लोहित (तेजू) के डीसी श्री केएन दामो से मुलाकात



दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के कार्यपालक निदेशक ने 30.12.2024 को रोइंग में लोहित (तेजू) के डीसी श्री केएन दामो से मुलाकात की। श्री केएन दामो ने 2021 में लोअर दिबांग घाटी जिले के डीसी रहते हुए लोअर दिबांग घाटी जिले के भूमि मुआवजे के मुद्दे को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## सीईए टीम ने अरुणाचल प्रदेश में 2880 मेगावाट दिबांग बहुद्देशीय परियोजना का दौरा किया



श्री राजीव सिंघल, मुख्य अभियंता, सिविल डिजाइन प्रभाग, सीईए और श्री अमित कुमार, निदेशक, सिविल डिजाइन प्रभाग, सीईए की एक टीम ने 21.10.2024 से 24.10.2024 तक अरुणाचल प्रदेश में 2880 मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना का दौरा किया। परियोजना अधिकारियों के साथ चल रहे कार्यों के विभिन्न पहलुओं, चुनौतियों और निर्धारित समय के अनुसार परियोजना को चालू करने के उद्देश्य से कार्यों की गति को तेज करने के लिए उठाए जा रहे उपायों पर चर्चा की गई।

## श्री टी.आर.टापू, एडीसी, डम्बुक के साथ शिष्टाचार मुलाकात




कार्यपालक निदेशक महोदय ने दिनांक 23.10.2024 को एनएचपीसी कार्यालय में श्री टी.आर. टापू, एडीसी, डम्बुक के साथ शिष्टाचार मुलाकात की। ईडी (डीएमपी) ने परियोजना में चल रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी और विभिन्न स्थानीय और प्रशासनिक मुद्दों को हल करने में एनएचपीसी को निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया, जिसके परिणामस्वरूप परियोजना की विभिन्न गतिविधियों का सुचारू रूप से निष्पादन हुआ। बैठक के दौरान, ईडी (डीएमपी) ने स्थानीय मुद्दों को हल करने और राइट बैंक प्रोजेक्ट रोड के लिए आवश्यक अतिरिक्त भूमि के अधिग्रहण में तेजी लाने का अनुरोध किया। एडीसी (डम्बुक) ने दिबांग परियोजना के सफल कार्यान्वयन के लिए अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया।

## दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन




एल एंड टी परिसर, डंबुक में 01.10.2024 को दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना द्वारा जिला सरकारी अस्पताल, रोइंग और एल एंड टी कंस्ट्रक्शन के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

## गांधी जयंती

गांधी जयंती के अवसर पर दिनांक 02.10.2024 को लिली बिल्डिंग के बगीचे में कार्यपालक निदेशक (डीएमपी) की उपस्थिति में वृक्षारोपण अभियान संपन्न हुआ। इसके अलावा, डिवाइन वर्ड स्कूल, रोइंग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री आर थिरुमनी नाथन, जीएम (एचआर) शामिल हुए। उन्होंने एनएचपीसी की यात्रा और इसके मील के पत्थर के बारे में संक्षेप में बताया और छात्रों को बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।




## 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम



दिबांग बहूउद्देशीय दिनांक 17.10.2024 को डिवाइन वर्ड स्कूल, रोइंग में 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ प्ज्ठच, 58 बटालियन, रोइंग और दिबांग वन प्रभाग, रोइंग की भागीदारी के साथ कार्यपालक निदेशक महोदय के मार्गदर्शन में मनाया गया। कार्यपालक निदेशक महोदय ने कमांडेंट, आईटीबीपी के साथ मिलकर आईटीबीपी के जवानों और डिवाइन वर्ड स्कूल के छात्रों को पौधे और प्रमाण पत्र वितरित किए। इसके साथ ही, सभी उपस्थित अधिकारियों, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, छात्रों और आईटीबीपी कर्मियों ने लगभग 300 फलदार, सजावटी और औषधीय पौधे लगाए। 26.10.2024 को यह कार्यक्रम विवेकानंद केंद्रीय विद्यालय में जारी रहा, जिसमें मेधावी छात्रों को कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा पौधे और प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# सियांग बेसिन, सियांग लोअर और सियांग अपर जलविद्युत परियोजनाएं

## स्वच्छता ही सेवा - 2024 का आयोजन




सियांग बेसिन, सियांग लोअर और सियांग अपर जलविद्युत परियोजना, पासीघाट में दिनांक 17 सितंबर से 1 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा और 2 अक्टूबर 2024 को स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन के दौरान श्री अमर नाथ झा महाप्रबंधक (सिविल) व परियोजना प्रमुख, श्री जीआर मीना महाप्रबंधक (मानव संसाधन), श्री संजीव कुमार गुलेरिया महाप्रबंधक (जन संपर्क), श्री अकन चौधरी महाप्रबंधक (यांत्रिक), अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। महाप्रबंधक व परियोजना प्रमुख ने सभी को "स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता" के नारे के साथ स्वच्छता को अपने जीवन में उतारने के लिए स्वच्छता शपथ दिलाई।

इस आयोजन के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों क्रमशः सार्वजनिक स्थान की सफाई, स्वच्छता दौड़, कार्यालय में स्वच्छता अभियान, एक पेड़ माँ के नाम-वृक्षारोपण अभियान, कला एवं संस्कृति के माध्यम से स्वच्छ भारत सांस्कृतिक उत्सव का संदेश फैलाने के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त सफ़ाई कर्मचारी हेतु ड्रेस, सुरक्षा गियर, मास्क इत्यादि का वितरण किया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में आयोजित स्वच्छता दौड़ एवं चित्रकला प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार द्वारा सम्मानित भी किया गया।

## हिंदी पखवाड़ा-2024 का आयोजन




सियांग बेसिन परियोजनाएं परिसर, पासीघाट में दिनांक 14 से 29 सितम्बर 2024 एतक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। दिनांक 14 सितम्बर 2024 को सियांग बेसिन परियोजनाएं के महाप्रबंधक (सिविल) व परियोजना प्रमुख श्री अमर नाथ झा के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर हिंदी पखवाड़ा–2024 का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर श्री संजीव कुमार गुलेरिया महाप्रबंधक (जन संपर्क), श्री अकन चौधरी महाप्रबंधक (यांत्रिक), अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

यह पखवाड़ा दिनांक 14 से 29 सितम्बर 2024 के मध्य आयोजित किए गया। इस दौरान सियांग बेसिन परियोजनाएं में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों को हिंदी राजभाषा का प्रचार–प्रसार एंव सभी कार्यालयीन कार्यो को राजभाषा हिंदी में किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया एंव निर्धारित प्रतियोगिताएं क्रमशः हिंदी सुलेख एंव काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त सभी कार्मिकों के लिए एक क्विज़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमे सभी ने बढ़चढ़ भाग लिया।हिंदी पखवाड़ा की समाप्ति पर दिनांक 30 सितम्बर 2024 को सियांग लोअर परियोजनाएं के महाप्रबंधक (सिविल) व परियोजना प्रमुख, महाप्रबंधक (जन संपर्क) व महाप्रबंधक (यांत्रिक) के द्वारा हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कार प्रदान किये गये।

# माननीय विधायक, पासीघाट (वेस्ट) व हाइड्रोपावर डेवेलपमेंट मंत्री के ऐड्वाइज़र, अरुणाचल प्रदेश सरकार का आगमन



सियांग बेसिन परियोजनाएं परिसर, पासीघाट में दिनांक 09 अक्टूबर 2024 को अरुणाचल प्रदेश सरकार के माननीय विधायक, पासीघाट (वेस्ट) व हाइड्रोपावर डेवेलपमेंट मंत्री के ऐड्वाइज़र श्री निनांग एरिंग का आगमन हुआ । सियांग बेसिन परियोजनाएं के महाप्रबंधक (सिविल) व परियोजना प्रमुख श्री अमर नाथ झा ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (जन संपर्क) श्री संजीव गुलेरिया, महाप्रबंधक (यांत्रिक) श्री अकन चौधरी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान माननीय विधायक, पासीघाट (वेस्ट) व हाइड्रोपावर डेवेलपमेंट मंत्री के ऐड्वाइज़र महोदय ने सियांग बेसिन में प्रस्तावित सियांग अपर बहुद्देशीय परियोजना क्षेत्र के प्रभावित परिवारों को जलविद्युत परियोजनाओं के लाभों व उनके पूनर्वास व पुनर्स्थापन से संबंधित जानकारियों से अवगत कराने की कार्यनीति तथा डाउनस्ट्रीम क्षेत्र के निवासियों के मुद्दों पर चर्चा करते हुए आवश्यक सुझाव दिए।

महाप्रबंधक (सिविल) व परियोजना प्रमुख श्री अमर नाथ झा ने माननीय विधायक महोदय को सियांग बेसिन में एनएचपीसी द्वारा जारी वेल्फेयर गतिविधियों से अवगत कराया व सियांग अपर बहुद्देशीय परियोजना की पीएफआर के लिए सर्वे–इनवेस्टीगेशन हेतु उनसे आवश्यक सहयोग का अनुरोध करते हुए परियोजना परिसर में आगमन हेतु आभार व्यक्त किया।माननीय विधायक महोदय ने एनएचपीसी द्वारा अरुणाचल प्रदेश में जलविद्युत विकास हेतु किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए अरुणाचल प्रदेश सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# एनएचपीसी के स्वर्णिम 50वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन




सियांग बेसिन परियोजनाएं परिसर, पासीघाट में दिनांक 7 नवंबर 2024 को एनएचपीसी के स्वर्णिम 50वें स्थापना दिवस व स्वर्ण जयंती वर्ष (7 नवंबर 2024 से 7 नवंबर 2025 तक) के शुभारंभ के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सियांग बेसिन परियोजनाएं के महाप्रबंधक (सिविल) व परियोजना प्रमुख श्री अमर नाथ झा के द्वारा एनएचपीसी ध्वजारोहण किया गया । इस दौरान श्री संजीव कुमार गुलेरिया महाप्रबंधक (जन संपर्क), श्री अकन चौधरी महाप्रबंधक (यांत्रिक), अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। परियोजना परिसर में दीप प्रज्जवलित कर स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सभी ने एनएचपीसी गीत का गायन कर स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रतिभागिता की।

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एनएचपीसी निगम मुख्यालय में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम को लाइव वेबकास्ट के माध्यम से भी उपलब्ध कराया गया था । जिसे परियोजना के सभी कार्मिकों द्वारा देखा गया। इसके अतिरिक्त सियांग बेसिन परियोजनाएं परिसर के सभी कार्मिकों के लिए एक क्विज़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमे सभी ने बढ़चढ़ भाग लिया व प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पूरस्कृत भी किया गया । स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिए जाने हेतु परियोजना परिसर में पौधे भी रोपित किए


@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

## विदाई

| नाम | पद | कार्यालय |
|---|---|---|
| **सर्व श्री / श्रीमती / सुश्री** | **अक्टूबर 2024** | |
| राकेश प्रसाद शर्मा | कार्यकारी निदेशक | संपत्ति प्रबंधन सेवाएँ |
| महेंद्र कुमार गुप्ता | कार्यकारी निदेशक | व्यावसायिक |
| ओम प्रकाश शर्मा | सर्वेक्षण अधिकारी | पार्वती-II एचईपी |
| संजीव नयन | समूह वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | बैरा स्यूल पीएस |
| गगन वर्मा | समूह वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | आरओ, चंडीगढ़ |
| चत्तर सिंह | बेलदार स्पेशल ग्रेड-I | सलाल पी.एस. |
| अली मोहम्मद | बेलदार स्पेशल ग्रेड | दुलहस्ती पीएस |
| हरीश चंद्र तिवारी | पर्यवेक्षक (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड-I | टनकपुर पीएस |
| रमेश कुमार | हाउस कीपिंग हेल्पर स्पेशल ग्रेड | टनकपुर पीएस |
| भुवन चंद्र राय | पर्यवेक्षक (स्टोर कीपिंग) ग्रेड-I | टनकपुर पीएस |
| लक्ष्मण सिंह राठौड़ | वरिष्ठ पर्यवेक्षक (केयर टेकर) ग्रेड-II | टनकपुर पीएस |
| रोशन लाल | पर्यवेक्षक (संचार) ग्रेड-I | दुलहस्ती पीएस |
| बैज नाथ दुबे | पर्यवेक्षक (ड्रेसर) ग्रेड-II | तीस्ता लो डैम-IV पीएस |
| मंजू जोशी | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-III | लो हल्द्वानी |
| कृष्ण प्रसाद शर्मा | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-I | टनकपुर पीएस |
| मदन लाल | बेलदार स्पेशल ग्रेड | चमेरा-I पी.एस. |
| श्यामा कांत झा | वेल्डर ग्रेड-II | तीस्ता लो डैम-IV पीएस |
| इंदु जोशी | वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) | लो हल्द्वानी |
| गिरीश चंद्र भट्ट | समूह वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | चमेरा-III पीएस |
| सोभी राम | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड | सीएमडी सचिव. |
| देवी दत्त उप्रेती | पर्यवेक्षक (मशीनिस्ट) ग्रेड-III | टनकपुर पीएस |
| जीएच अहमद शेख | मशीनिस्ट ग्रेड-II | यूआरआई-II पीएस |
| करम चंद | बेलदार स्पेशल ग्रेड | सेवा-II पीएस |
| सरदारी लाल | सुरक्षा गार्ड विशेष ग्रेड | आरओ,जम्मू |
| इंदिरा देवी | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | आरओ,बनीखेत |
| मुंशी राम | हाउस कीपिंग हेल्पर ग्रेड-I | सेवा-II पीएस |
| रतन लाल | बेलदार स्पेशल ग्रेड | सलाल पी.एस. |
| कुलदीप सिंह | बेलदार स्पेशल ग्रेड | दुलहस्ती पीएस |
| गुलज़ार हुसैन | बेलदार स्पेशल ग्रेड | किशनगंगा पीएस |
| रूप लाल | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-III | सलाल पी.एस. |
| अछरी देवी | एटीटीडीटी स्पेशल ग्रेड-I | बैरा स्यूल पीएस |
| **सर्व श्री / श्रीमती / सुश्री** | **नवंबर 2024** | |
| डी श्रीनिवास राव | ग्रुप उप महाप्रबंधक (वित्त) | टनकपुर पीएस |
| बाबू राम | बेलदार स्पेशल ग्रेड | निदेशक (वित्त) अनुभाग |
| मदन लाल | हेल्पर स्पेशल ग्रेड | सलाल पी.एस. |
| अनीता कुमारी | एसआर.पीआरटी ग्रेड स्पेशल | बैरा स्यूल पीएस |
| योग राज | एसआर.पीआरटी ग्रेड-I | चमेरा-I पी.एस. |
| कुंडू राम | मशीनिस्ट ग्रेड-II | चमेरा-I पी.एस. |
| अशोक कुमार | हेल्पर स्पेशल ग्रेड | सलाल पी.एस. |
| कृष्ण सिंह | पर्यवेक्षक (क्लीनर) ग्रेड-II | सलाल पी.एस. |
| कैलाश चंद्र भट्ट | पर्यवेक्षक (स्विच बोर्ड तकनीशियन) ग्रेड-II | टनकपुर पीएस |
| दलीप सिंह | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | चमेरा-III पीएस |
| मोहम्मद फ़रीद | पर्यवेक्षक (संचार) ग्रेड-I | दुलहस्ती पीएस |
| काला राम | पर्यवेक्षक (रसोइया) ग्रेड-II | सेवा-II पीएस |
| अनिल नैय्यर | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | चमेरा-III पीएस |
| दुर्गो देवी | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड | चमेरा-II पीएस |
| लक्ष्मी दत्त भट्ट | वरिष्ठ पर्यवेक्षक (यांत्रिक) ग्रेड-II | लो हल्द्वानी |
| ज्योष्ना गजमेर | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड | रंगित पी.एस. |
| फारुक अहमद शेख | पर्यवेक्षक (क्लीनर) ग्रेड-III | सीवीपीपीपीएल–पाकलडुल एचईपी |
| शारदा देवी | एससी असिस्टेंट ग्रेड-I | पार्वती-II एचईपी |
| जगत राम | इलेक्ट्रीशियन स्पेशल | टनकपुर पीएस |


@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# विदाई

| नाम | पद | कार्यालय |
|---|---|---|
| सर्व श्री / श्रीमती / सुश्री | दिसंबर 2024 | |
| कमलेश शर्मा | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | मानव संसाधन |
| अशोक कुमार | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | चमेरा-II पीएस |
| भुवन चंद्र कांडपाल | प्रबंधक(सचिव) | डिजाइन(सिविल) |
| राकेश कुमार | महाप्रबंधक(विद्युत) | अनुबंध (ईएंडएम) |
| पवन कुमार | समूह वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | टनकपुर पीएस |
| नीलम इसरानी | वरिष्ठ प्रबंधक (आईटी) | आईटी और सी |
| मुल्ख राज | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-II | सलाल पी.एस. |
| बाबू राम | पर्यवेक्षक (ड्रेसर) ग्रेड-III | सलाल पी.एस. |
| बाबू राम | बेलदार स्पेशल ग्रेड | सलाल पी.एस. |
| एबी वाहिद | पर्यवेक्षक (हेम ऑपरेटर) ग्रेड-I | दुलहस्ती पीएस |
| एबी वाहिद | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड. | दुलहस्ती पीएस |
| बोध राज | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-II | सलाल पी.एस. |
| कुलदीप सिंह | पर्यवेक्षक (स्टोर कीपिंग) ग्रेड-I | चमेरा-III पीएस |
| भूषण लाल | पर्यवेक्षक (रसोइया) ग्रेड-II | सलाल पी.एस. |
| अवधेश सिंह | पर्यवेक्षक (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड-II | लो हल्द्वानी |
| बिन्दु ठाकुर | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | चमेरा-I पी.एस. |
| मोहम्मद यूसुफ खान | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-II | यूआरआई-I पीएस |
| मनोरंजन कुमार श्रीवास्तव | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-III | रंगित पी.एस. |
| वीके उप्रेती | पर्यवेक्षक (वैज्ञानिक सहायक) ग्रेड-II | टनकपुर पीएस |
| जगदीश कुमार | वरिष्ठ पर्यवेक्षक (यांत्रिक) ग्रेड-II | चमेरा-II पीएस |
| विनोद कुमार | कार्यालय अधीक्षक जी.आर.आई. | सतर्कता |
| मोहम्मद अब्बास | पर्यवेक्षक (क्लीनर) ग्रेड-III | दुलहस्ती पीएस |
| जतिन्दर देव सिंह पठानिया | समूह वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) | आरओ,बनीखेत |


@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited



2880 मेगावाट दिबंग बहूदेशीय परियोजना, अरुणाचल प्रदेश

## NHPC Limited

*(A Government of India Enterprise)*


पंजीकृत कार्यालयः एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सैक्टर–33, फरीदाबाद, हरियाणा–121003



सीआईएनः L40101HR1975GOI032564 वेबसाइट : www.nhpcindia.com


**Follow NHPC at :**

@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited